

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 89 | मंगलवार, 12 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा दसवीं विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### काठमांडू एयरपोर्ट पर हादसा टला

**नई दिल्ली।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के टायर में आग लग गई। पुलिस ने पुष्टि की है कि आग बुझा दी गई है और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। एयरपोर्ट सुरक्षा के SP राजकुमार सिलावल ने ANI को फोन पर बताया, "टर्किश एयरलाइंस की फ्लाइट TK 726 इस्तांबुल से काठमांडू आ रही थी और लैंडिंग के समय उसके टायर में आग लग गई। फायर इंजन की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है, सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया ह। अधिकारियों के अनुसार, फ़्लाइट में कुल 278 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। यात्रियों में संयुक्त राष्ट्र के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। विमान में सवार यात्रियों को इमरजेंसी दरवाजों के ज़रिए बाहर निकाला गया।

### नरगिस मोहम्मदी को ईरान ने जमानत पर किया रिहा

**नई दिल्ली।** ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को



जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इससे पहले उनके समर्थकों ने चेतावनी दी थी कि जेल में उनकी मौत हो सकती है। इस बीच उन्हें तुरंत इलाज के लिए तेहरान भेज दिया गया है। ईरान के पादरी सिस्टम के खिलाफ कैंपेन चलाने के लिए जेल में बंद एक्टिविस्ट को कथित तौर पर हिरासत में दो बार दिल का दौरा पड़ा।ईरानी अधिकारियों ने रविवार को नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को उनकी सेहत को लेकर बढ़ती चिंता के बाद जमानत पर रिहा कर दिया और उन्हें इलाज के लिए पहले ही तेहरान भेज दिया गया है। उत्तरी ईरान के जंजान में 10 दिनों तक अस्पताल में रहने के बाद मोहम्मदी की जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## केरलम में सीएम को लेकर कहां फंस गई कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केरलम में जब 4 मई को कउंटिंग शुरू होने के पहले दो घंटे में ही साफ हो गया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ गठबंधन को प्रचंड जीत मिलने जा रही है तो तिरुवनंतपुरम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इकट्ठे होने लगे। कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल, वीडी सतीशन, रमेश चेन्नीथला की तस्वीरों के साथ जश्न मना रहे थे। बाकी नेताओं की तस्वीरें छोटी थीं लेकिन केसी वेणुगोपाल के बड़े कटआउट थे। चुनाव के अगले दिन प्रदेश कांग्रेस



कार्यालय इंदिरा भवन के बाहर पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के साथ केसी वेणुगोपाल की तस्वीर लगी नजर आई जिसपर लिखा था "द रियल लीडर"। लेकिन नतीजों के एक हफ्ते के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व केरलम में "लीडर" का चेहरा तय नहीं कर पाया है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को भावी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट किए जाने की मुहिम से किसी को हैरानी नहीं हुई। उन्हें राहुल गांधी का विश्वासपात्र माना जाता है। 2021 के पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस में अंदरखाने चर्चा थी कि वेणुगोपाल को सीएम बनाया जा सकता है।

## 'ईंधन बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें': सरकार ने पीएम मोदी की अपील को दोहराया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में बिगड़ती स्थिति के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी चिंताओं को दूर किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी नागरिकों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील को दोहराया।

एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मैं आपको यह बताना चाहूंगी कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा





कि जहां तक संभव हो, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, कारपूलिंग को अपनाएं, सामान के परिवहन के लिए रेलवे को प्राथमिकता दें और जहां तक संभव हो, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं। आइए हम सब मिलकर अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें, ताकि देश पर पड़ रहे मौजूदा आर्थिक बोझ को कम किया जा सके।

देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति पर बात करते हुए सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि आम उपभोक्ता के लिए ईंधन की आपूर्ति बिना किसी बड़ी परेशानी के बनी रहे। इन सभी कदमों के परिणाम स्वरूप, हमारा कच्चा तेल भंडार अच्छी तरह से बना हुआ हुआ है।

उन्होंने बताया, हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र पर ईंधन खत्म होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। न ही LPG वितरत केंद्रों पर ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और घरेलू खाना पकाने के लिए एलपीजी की आपूर्ति भी सुचारू रूप से जारी है।

# युद्ध विराम वार्ता पर फिर बढ़ा तनाव ट्रंप ने ठुकराया ईरान का शांति प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को ''पूरी तरह से अस्वीकार्य'' करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि इससे 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं।



ट्रंप ने रविवार को 'टुथ सोशल' पर पोस्ट किया, ''मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।'' इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, ''अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे।'' ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया संस्थान 'एक्सियोस' से कहा, ''मुझे उनका पत्र पसंद नहीं आया। यह ठीक नहीं है। मुझे उनकी प्रतिक्रिया पसंद नहीं आई। हालांकि उन्होंने ईरान के जवाब के बारे में और अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसी बीच, रिपब्लिकन पार्टी से सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप को अब सैन्य कार्रवाई करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों की सराहना करता हूं, जो ईरानी आतंकवादी शासन के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए कूटनीतिक समाधान तलाश रहे हैं।

ग्राहम ने कहा, ''हालांकि, अंतरराष्ट्रीय नौवहन पर उनके लगातार हमलों, हमारे सहयोगियों पर निरंतर हमलों और अब अमेरिका के कूटनीतिक प्रस्ताव पर पूरी तरह अस्वीकार्य प्रतिक्रिया को देखते हुए, मेरी राय में अब दिशा बदलने पर विचार करने का समय आ गया है।'' ट्रंप ने 'एक्सियोस' से कहा कि उन्होंने रविवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की तथा इस बीच ईरान से प्राप्त जवाबों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, ''बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं।'' लेकिन ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान वार्ता ''अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान से युद्ध शुरू किया था तथा आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति के बाद हमले रोक दिए गए। अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी को खत्म करने के लिए एक समझौते पर बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक शांति संभव नहीं हो पाई है।

## टैंक-तोप का दौर खत्म! अब ड्रोन तय करेंगे युद्ध का परिणाम, भारतीय सेना की भी जबरदस्त तैयारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध ने दिखाया कि ड्रोन किस तरह तबाही मचा सकते हैं। इस युद्ध के साथ ही ड्रोन यह बता चुके हैं कि उनका दौर आ चुका है। सेना को भी यह बात समझ में आ गई है कि मार्डन वॉरफेयर में ड्रोन की भूमिका कितनी अहम है। हालांकि सेना पहले भी ड्रोन का इस्तेमाल सर्विलांस के लिए करती थी, लेकिन अब तो सेना की हर इन्फेंट्री में ड्रोन वार्रियर हैं। ये निगरानी के साथ अटैक कैपेबिलिटी के साथ सुसाइडल ड्रोन से लैस हैं।



सिर्फ भारत-पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि रूस-यूक्रेन और ईरान-अमेरिका की जंग में भी ड्रोन गेमचेंजर साबित हो रहे हैं. खबरें तो यहां तक हैं कि चीन ने मधुमक्खी के साइज का ड्रोन बना लिया है, जिसे न कोई रडार देख सकेगा, न इंसानी आंखें। ऐसे में ये बहुत जरूरी है कि दुनिया इस नए किस्म के वॉरफेयर को तेजी से अपनाए।

ड्रोन ने आधुनिक युद्ध की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। कुछ साल पहले तक ड्रोन सिर्फ दुश्मन पर नजर रखने का साधन थे। अब वही ड्रोन युद्ध का सबसे खतरनाक हथियार बन चुके हैं। आज ड्रोन हमला भी कर सकते हैं। हथियार पहुंचा सकते हैं। यहां तक कि ये अब इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में हिस्सा ले सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर किसी को दुश्मन की पोस्ट पर हमला करना है तो वो पहले कुछ ड्रोन भेजकर वहां के सिग्नल, रडार आदि जाम कर लेता है।

सबसे बड़ी बात यह है कि ये पारंपरिक हथियारों के मुकाबले काफी सस्ते हैं। कुछ हजार डॉलर के ड्रोन करोड़ों के टैंक और तोपों को तबाह कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को ड्रोन की असली ताकत दिखाई। इजरायल-ईरान संघर्ष में भी ड्रोन बड़े हथियार बनकर उभरे। इन युद्धों ने साबित कर दिया कि भविष्य का युद्ध ड्रोन आधारित होगा। आज कामीकाजे ड्रोन सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, इन्हें लोइटरिंग म्यूनिशन भी कहा जाता है। ये घंटों तक हवा में मंडरा सकते हैं। फिर सही समय देखकर सीधे टारगेट पर हमला कर सकते हैं। ऐसे ही फर्स्ट पर्सन व्यू (FPV) ड्रोन को काफी घातक माना जा रहा है, जिसका इस्तेमाल आजकल जंग में बखूबी हो रहा हैं। FPV ड्रोन बिलकुल किसी वीडियो गेम की तरह हैं। ऑपरेटर एक VR सेट पहनकर इसे किसी गाड़ी की तरह कंट्रोल कर सकता है।

## गार्ड रूम में पड़ा मिला जिला अदालत के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव

### बरेली का रहने वाला था कर्मचारी, जिला जज समेत एसएसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सोमवार को जिला अदालत परिसर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक अदालत के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का सोमवार को करीब तीन बजे गार्ड रूम में शव कर्मचारियों ने जमीन पर पड़ा देखा। देखते ही देखते कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया। जिला जज समेत एसएसपी अंकिता शर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित पुराने सीजेएम कोर्ट के सामने गार्ड रूम के पास कर्मचारी व स्टाफ के रूम में हुई।कर्मचारी



कर्मचारी का शव मिलने के बाद रोते परिजन। -जागरण मोर्चा

का शव जमीन पर करीब तीन बजे पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही अदालत परिसर में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान बरेली के बीडीए कालोनी निवासी सुधीर कुमार (28) पुत्र महेंद्र पाल के रूप में हुई है, जो वर्ष 2023 बैच में कर्मचारी के रूप में भर्ती हुआ था। उसकी शुरुआती तैनाती सहसवान कोर्ट में हुई थी, लेकिन कुछ समय बाद उसका तबादला बदायूं जिला अदालत में हो गया था। सोमवार दोपहर के बाद अदालत परिसर में एक कर्मचारी ने पुराने सीजेएम कोर्ट के सामने गार्द में उसका जमीन पर पड़ा देखा तो यह दृश्य देखते ही वहां मौजूद कर्मचारियों और वादकारियों में हड़कंप मच गया। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।शव को पोस्टमॉर्टम को भेज दिया गया। परिजनों को सूचना दी। सुचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। करीब छह बजे परिवार के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। शव देखते ही पिता व माता समेत परिजन बेसुध हो गए।

## खैबर पख्तूनख्वा में खाई में गिरी वैन, 11 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले में स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल, मालम जब्बा के रास्ते में एक दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार, एक वैन के खाई में गिर जाने से 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रेस्क्यू टीम के अनुसार, इस घटना में मारे गए लोगों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिसमें दूल्हे की मां भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि, गाड़ी अचानक बेकाबू हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। जब तक मेडिकल टीमें और सरकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे, तब तक स्थानीय लोगों ने खुद ही बचाव अभियान शुरू कर दिया था।

## सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा- वह भारतीय राजनीति के सबसे 'रिजेक्टेड माल'

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'सबसे रिजेक्टेड माल' करार दिया। फडणवीस की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान पर आई है, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी ने सोना खरीदने और विदेश घूमने की योजनाएं टालने की अपील की थी।

मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "राहुल गांधी भारतीय राजनीति के सबसे 'रिजेक्टेड माल' हैं। हर जगह से रिजेक्ट हुए, हर राज्य में



रिजेक्ट हुए। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है और लगातार उन्हें आशीर्वाद दे रहा है।"

दरअसल, यह बयान उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देशवासियों से ईंधन की बचत, विदेशी यात्राएं कम करने, और गैर-जरूरी सोने की खरीद टालने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा इस्तेमाल करने, वर्क फ्रॉम होम अपनाने, और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की भी बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा बचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से एक साल तक सोना खरीदने और विदेश घूमने की योजनाएं टालने की अपील की। पीएम मोदी ने इसे 'आर्थिक देशभक्ति' का हिस्सा बताया।

## आरोपी निदा खान को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** नासिक के चर्चित TCS मामले में आरोपी निदा खान को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद सोमवार को निदा खान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कोर्ट में पेश किया गया था, जहां सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया गया। छत्रपति संभाजीनगर नगर पुलिस और नासिक क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को निदा खान को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया था।

निदा खान को आज चार दिनों की पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच नाशिक रोड कोर्ट में पेश किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट परिसर में सुबह से ही भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया था. मामले की संवेदनशीलता के



मद्देनजर इस मामले की कार्यवाही 'इन-कैमरा' बंद कमरे में पूरी की गई। इसके बाद निदा खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

निदा खान पर TCS कंपनी में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों को कथित तौर पर धर्मांतरण के लिए उकसाने और ब्रेनवॉश करने का आरोप निदा खान पर लगा है। पुलिस अब इस मामले के अन्य तकनीकी पहलुओं और संपर्कों की जांच कर रही है।

**कामयाबी** ब्रह्मांड की एक और गुत्थी सुलझी

## ब्लैक होल की टक्करों से हो रहा पिंडों का जन्म, सितारों की टक्कर से बने जोड़

**दिल्ली।** नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित एक शोध ने विशालकाय ब्लैक होल के निर्माण की गुत्थी सुलझा ली है। वैज्ञानिकों ने 153 ब्लैक होल विलय का विश्लेषण कर पाया कि भारी ब्लैक होल सीधे सितारों के ढहने से नहीं, बल्कि घने तारा समूहों के भीतर छोटे ब्लैक होल की बार-बार होने वाली टक्करों से बनते हैं।

ब्रह्मांड के सबसे विशालकाय ब्लैक होल के निर्माण की एक बड़ी गुत्थी को सुलझा लिया गया है। हालिया एक शोध में वैज्ञानिकों का दावा है कि कॉस्मिक जायंट्स यानी विशालकाय खगोल पिंड घने तारा समूहों में होने वाली हिंसक टक्करों के परिणामस्वरूप बन रहे हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया



कि गुरुत्वाकर्षण तरंगों ने इन ब्लैक होल के पिंडों के निर्माण के रहस्य से पर्दा उठाया है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी के फैबियो एंटोनिनी के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एलआईजीओ, केएजीआरए और वर्गो डिटेक्टरों की मदद से दर्ज किए गए 153 ब्लैक होल विलय का विश्लेषण किया। ये तरंगें, जिन्हें पहली बार 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने जनरल रिलेटिविटी के सिद्धांत के तहत प्रस्तावित किया था।

अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि क्या भारी ब्लैक होल सीधे बड़े सितारों के ढहने से बनते हैं या छोटे ब्लैक होल के बार-बार आपस में जुड़ने से। अध्ययन में ब्लैक होल्स की दो स्पष्ट श्रेणियां देखी गईं इसमें पहली कम द्रव्यमान वाले ब्लैक होल और दूसरी वो जो सुपरनोवा विस्फोट के बाद सितारों के कोर के ढहने से बने थे।

शोधकर्ताओं ने पाया कि भारी ब्लैक होल की स्पिन तेज और विभिन्न दिशाओं में थी। टीम की सदस्य इसाबेल रोमेरो-शॉ के अनुसार, यह तेज और घूमने उल्टी-पुल्टी दिशा बताती है कि ये ब्लैक होल घने तारा समूहों के भीतर बार-बार हुई टक्करों से पैदा हुए हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, सूर्य के द्रव्यमान से 45 गुना बड़े सितारे मरने पर ब्लैक होल बनने के बजाय पूरी तरह से फट जाते हैं, जिससे पीछे कुछ नहीं बचता। इसे वर्जित द्रव्यमान सीमा कहा जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 45 सौर द्रव्यमान से बड़े ब्लैक होल का अस्तित्व केवल तभी संभव है जब वे पहले से मौजूद ब्लैक होल के आपस में मिलने से बने हों। यह खोज न केवल ब्लैक होल के बढ़ने की प्रक्रिया को स्पष्ट करती है, बल्कि सितारों और गैलेक्सी के विकास को समझने के नए मार्ग भी खोलती है।

## तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय ने की पूर्व सीएम स्टालिन से मुलाकात

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने आज पूर्व सीएम और DMK चीफ एम.के. स्टालिन से मुलाकात की। अभिनेता से नेता बने विजय ने कल ही तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. उन्होंने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। पहली बार चुनावी मैदान में उतरी विजय की पार्टी टीवीके ने 108 सीटें जीतीं। इसी के साथ उन्होंने दशकों से चले आ रहे DMK और AIADMK के वर्चस्व को तोड़ दिया।

यह पता नहीं चल पाया है कि आज की बैठक में दोनों नेताओं के बीच किन विषयों पर चर्चा हुई। मीडिया के साथ शेयर की गई बैठक की तस्वीरों में विजय को काले सूट में, हाथ जोड़कर



DMK प्रमुख का अभिवादन करते हुए देखा गया। स्टालिन ने भी उसी भाव से जवाब दिया।

विजय कांग्रेस और अन्य पार्टियों की मदद से नई सरकार बनाने में सफल रहे। उन्होंने बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए जरूरी संख्या बल जुटाया। 4 मई को नतीजे आने के बाद कई दिनों तक तमिलनाडु में राजनीतिक खींचतान चली। विजय चार बार राज्यपाल से मिले. तीन बार की मुलाकात में विजय राज्यपाल अर्लेकर को बहुमत के दावे से संतुष्ट नहीं कर पाए थे।

**एक नजर**

### महिला अस्पताल में अफसरों का छापा

**बरेली।** बरेली के जिला महिला अस्पताल में सोमवार को प्रशासनिक टीम के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम को अस्पताल की बदहाली और भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. त्रिभुवन प्रसाद समेत कई डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ड्यूटी से नदारद मिले।मरीजों ने अधिकारियों से इलाज में लापरवाही, बदसलूकी और बाहर से दवाएं खरीदने की गंभीर शिकायतें कीं। सबसे बुरा हाल अल्ट्रासाउंड कक्ष का मिला, जहाँ मरीजों को जांच के लिए तीन महीने बाद की तारीख दी जा रही थी। इमरजेंसी गेट पर न स्ट्रेचर मिला और न ही कोई सुरक्षाकर्मी। एडीएम ने इस घोर लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए गैरहाजिर स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई और व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# पत्नी करती थी प्रताड़ित, माता-पिता से कर रखा था दूर

## माता-पिता ने रोते हुए कहा शादी नहीं बर्बादी हो गई, मां बोली बेटा पत्नी से था परेशान, निगल गई बेटे को

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अदालत परिसर में हुई चतुर्थ कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम है। परिजनों का आरोप है कि पत्नी उसके परिवार से नहीं मिलने देती थी। उसका मानसिक व शारीरिक प्रताड़नाप देती थी। जब भी वह फोन से बात माता-पिता से कर लेता था तो फोन से नंबर भी डिलीट कर देता था कि कही उसकी पत्नी न देख ले। आरोप है कि पत्नी न तो माता-पिता के साथ रहने दे रही थी और न ही अपने पास ही रहने दे रही थी। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्म हत्या जैसा कदम उठाया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मामले की गहन जांच के आदेश दिए। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। उसने कोई विषाक्त पदार्थ खाया है, कमरे में कोई रस्सी व अन्य साम्रग्री नहीं मिली है जिससे अनुमान लगाया जाता कि फंदे पर लटका होगा। जबकि उसका शव कमरे में जमीन पर मिला है। अदालत परिसर में हुई इस घटना से कर्मचारियों और अधिवक्ताओं में शोक और चिंता का माहौल है। सभी लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं और आत्महत्या के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रथम द्रष्ट्रया मामला आत्म हत्या का लग रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर सामने आएगी। साथ ही मृतक के परिजनों और सहकर्मियों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।





### दो साल पहले हुई थी सुधीर की शादी

सुधीर की शादी दो साल पहले नतीशा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही वह सहसवान में अपने पति के साथ रहने लगी। बताया जाता है कि उसके बाद ही उसने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इसी प्रताड़ना के चलते ही उसने आत्महत्या की है।

### सहसवान में रहती है पत्नी

सुधीर की पत्नी सहसवान में किराए के मकान में रहती है। वह कभी मायके तो कभी कमरे पर रूकती है। वेतन आने के बाद अपने खाते में डलवा लेती थी। माता-पिता का आरोप है कि बेटा सुधीर कभी बदायूं तो कभी शहर में अन्य रिश्तेदारियों में ही रहकर गुजर करता था। जब तक पत्नी नहीं कह देती तक तक वह सहसवान नहीं जाता था।

### पति की मौत की खबर मिलने के बाद भी नहीं पहुंची जिला मुख्यालय

पति की मौत की खबर सुनने के बाद भी पत्नी नतीशा शव देखाने तक नहीं पहुंची। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसका कहीं कोई प्रेम प्रसंग चल होगा। इसी के चलते वह अपने पति को डरा-धमकाकर रखती आ रही थी।

### गर्भवती है सुधीर की पत्नी

परिजनों का कहना है कि पत्नी कभी उसको अपने पास तक नहीं आने देती थी। महीने में जब वेतन आता था तभी बुलाकर रुपये लेती और फिर बात नहीं करती। फोन पर उसकी एक एक पल की लोकेशन रखती थी। दिन में कई कई बार वीडियो कॉल पर बात कर उसको मानसिक प्रताड़ना देती आ रही थी। पिता महेंद्र पाल का कहना है कि पत्नी की वजह से ही मेरा बेटा नहीं रहा। जब भी वह बात करता था हम उसको समझा देते थे।

### सुधीर के पिता पुलिस विभाग में हैं एसआई

सुधीर के पिता महेंद्र पाल सिंह शाहजहांपुर में एसआई के पद पर तैनात हैं। सोमवार को करीब चार बजे बेटे की मौत की खबर मिली तो वह अपनी कार से बरेली पहुंचे और दो बेटे और पत्नी के साथ बदायूं पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बेटे की हत्या की धमकी देकर मांगी दो लाख की रंगदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता को फोन पर बेटे की हत्या की धमकी देकर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। धमकी मिलने के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव चौबारी निवासी अधिवक्ता चन्द्रभान सिंह ने पुलिस को बताया कि सात मई की रात करीब 8:09 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि उनके बेटे अर्पित सिंह की हत्या करने के लिए उसे पांच लाख रुपये की सुपारी मिली है। आरोपी ने खुद को लल्ला गद्दी बताया, लेकिन

**कैंट थाने में मुकदमा दर्ज**

पीड़ित का कहना है कि कॉल करने वाला व्यक्ति अपनी असली पहचान छिपा रहा था।पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने आरोपी से पूछा कि वह कहां से बोल रहा है तो उसने खुद को पीलीभीत के सिविल लाइंस क्षेत्र का बताया और कहा कि वह इस समय फतेहगंज पश्चिमी में मौजूद है। आरोपी ने धमकी दी कि अगर बेटे को बचाना है तो दो लाख रुपये पहुंचा दो, नहीं तो दस दिन के अंदर उसकी हत्या कर दी जाएगी। साथ ही आरोपी ने कहा कि अगर बचा सको तो बचा लेना।धमकी भरी कॉल के बाद से पूरा परिवार सहमा हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कैंट थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## पार्क से लापता हुई सिंचाई विभाग कर्मचारी की बेटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित टैगोर पार्क से एक 14 वर्षीय किशोरी के रहस्यमय ढंग से लापता होने से हड़कंप मच गया है। राजेंद्रनगर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी सिंचाई विभाग कर्मचारी की पुत्री मान्या मिश्रा बुधवार शाम अपने छोटे भाई के साथ पार्क में खेलने गई थी। शाम करीब सात बजे घर लौटते समय वह अचानक रास्ते से गायब हो गई।छोटा भाई जब अकेला घर पहुंचा, तो परिजनों के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न लगने पर बदहवास परिजन प्रेमनगर थाने पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। किशोरी के अचानक गायब होने से परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

- टक्कर मारकर चालक फरार, सड़क पर ही थम गईं युवक की सांसें
- असम का रहने वाला बताया जा रहा मृतक

**फरीदपुर/ फतेहगंज पूर्वी।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात युवक की जान चली गई।

बताया जाता है कि युवक कहीं जाने की तैयारी में था, लेकिन उसे क्या पता था कि सफर बीच रास्ते में ही खत्म हो जाएगा। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसा फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के रमपुरा मोड़ के समीप हुआ। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को देखा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक के पास से मिले मोबाइल फोन के आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में युवक असम क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस उसकी शिनाख्त कराने और फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# 1 आंगनबाड़ी कार्यकत्री 3 सहायिका सेवानिवृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से बाल विकास परियोजना बहेड़ी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिका की 30 अप्रैल 2026 को 62 वर्ष आयु पूर्ण होने पर विदाई दी गई।

इन आंगनबाड़ी और सहायिका ने मेहनत के साथ अपना काम किया इनके काम की सराहना भी की गई। सेवनिर्वत्त होने वाली आंगनबाड़ियों में शांति देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री केंद्र नारायण नगला सहायिका सिमरजीत कौर, आमखेड़ा, सावित्री सक्सेना सकरस, दुर्गा हलधर उत्तरसिया समुखिया आंगनबाड़ी सहायिका सेवानिवृत्त हुई। उनकी विदाई सम्मान सहित परियोजना कार्यालय पर उपस्थित मुख्य सेविका राजकुमारी, सुनीता गंगवार, स्वाति गंगवार, केशलता गंगवार कोशिकी शर्मा व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार के द्वारा की गई है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा शर्मा, अमरजीत कौर, सुमन गुप्ता, चमेली गंगवार, जया रानी, मिता राय, रचना सक्सेना आदि मौके पर उपस्थित रहीं। सेवानिवृत हो रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। उनके जीवन की अब दूसरी पारी शुरू होने पर उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना भी की गईं।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री। -जागरण मोर्चा

# बरेली में वैशाली फिल्म क्रिएशन का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली फिल्म निर्माण और कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही वैशाली फिल्म क्रिएशन ने रविवार को बरेली में अपने नए कार्यालय का शुभारंभ किया। इस ऑफिस के खुलने से रुहेलखंड के युवाओं और कलाकारों को फिल्म, म्यूजिक वीडियो, वेब सीरीज और एड फिल्मों में काम करने के नए अवसर मिलेंगे।

नए ऑफिस का उद्घाटन गिरधर गोपाल सक्सेना, विन्नी सक्सेना एवं दीपक सक्सेना ने फीता काटकर किया। इस मौके पर शहर के कई जाने-माने कलाकार, थिएटर से जुड़े लोग, यूट्यूब क्रिएटर्स और मीडिया कर्मी मौजूद रहे। बरेली और आसपास के एक्टर्स, राइटर्स, सिंगर्स और टेक्नीशियन को ऑडिशन के जरिए प्रोजेक्ट्स में काम दिया जाएगा। प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक की सभी सुविधाएं - कास्टिंग, शूट, एडिटिंग, एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, सिनेमैटोग्राफी और वीडियो एडिटिंग की शॉर्ट-टर्म वर्कशॉप हर महीने चलाई जाएंगी। हिंदी के साथ-साथ ब्रज, अवधी और कुमाऊंनी भाषा में भी कंटेंट प्रोड्यूस किया जाएगा। फाउंडर अशोक सक्सेना ने कहा, "बरेली में टैलेंट की कमी नहीं है, बस सही प्लेटफॉर्म की जरूरत थी। हमारा मकसद मुंबई या नोएडा जाए बिना लोकल कलाकारों को प्रोफेशनल माहौल और काम देना है। हम यहां से फीचर फिल्म, वेब सीरीज और ब्रांड एड्स प्रोड्यूस करेंगे।



फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

- क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच : अशोक

## अखिलेश यादव पर बरसे मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने यूपी के मुसलमानों के नाम खुला पत्र जारी कर समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सपा पर 'सॉफ्ट हिंदुत्व' की राजनीति करने और भाजपा का डर दिखाकर मुस्लिम वोट हासिल करने का आरोप लगाया। रजवी ने अखिलेश यादव की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात और सपा-भाजपा नेताओं की कथित नजदीकियों का हवाला देते हुए मुसलमानों को सपा से दूरी बनाने की सलाह दी। उन्होंने 2027 के चुनाव को निर्णायक बताते हुए मुस्लिम समाज से नया राजनीतिक विकल्प तैयार करने की अपील की।

# डिप्टी सीएम तक पहुंचा ठेले पर पत्नी को ले जाने का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी से बीमार पत्नी को ठेले पर लिटाकर घर ले जाते बुजुर्ग का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इलाज नहीं मिलने और बदहाल व्यवस्थाओं को कोसते हुए बुजुर्ग के अस्पताल से निकलने के मामले में अब जांच बैठा दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडी एसआईसी ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट तलब की है। वहीं, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक स्तर से जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी एडी एसआईसी डॉ. आरसी दीक्षित के मुताबिक बुजुर्ग महिला को तीन दिन तक जिला अस्पताल के फीमेल वार्ड में भर्ती रखा गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर नीचे वार्ड में शिफ्ट किया गया। इसी दौरान बुजुर्ग बिना डॉक्टर को सूचना दिए पत्नी को लेकर अस्पताल से चला गया। अब जांच टीम इलाज की पूरी प्रक्रिया, मरीज की जांच रिपोर्ट, उस समय ड्यूटी पर मौजूद ईएमओ, स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय से पूछताछ करेगी। साथ ही इमरजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर किन परिस्थितियों में बुजुर्ग को पत्नी को ठेले पर ले जाने का फैसला करना पड़ा।सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला मरीज के अस्पताल से चले जाने की जानकारी अधिकारियों को सीधे वायरल वीडियो से मिली। इमरजेंसी में तैनात ईएमओ, वार्ड बॉय और स्टाफ नर्स में से किसी ने भी वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी। इससे इमरजेंसी में तैनात कर्मचारियों की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रभारी एडी एसआईसी ने माना कि स्टाफ को सख्त हिदायत दी गई है और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**डीएम ने मांगी रिपोर्ट, अब सीसीटीवी फुटेज से खुलेगी लापरवाही की परतें**

### डिप्टी सीएम बोले- लापरवाही बर्दाश्त नहीं

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने साफ कहा कि मरीजों की सेवा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन स्तर पर कार्रवाई की जरूरत होने पर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।मामला तूल पकड़ने के बाद रविवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में अचानक सफाई अभियान शुरू हो गया। वार्ड के पंखों पर जमी धूल साफ कराई गई, परिसर की सफाई हुई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई। माना जा रहा है कि अधिकारियों के निरीक्षण की आशंका के चलते यह कवायद तेज हुई। हालांकि, प्रभारी एडी एसआईसी का कहना है कि अगले सप्ताह प्रस्तावित निरीक्षण से पहले व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है।

# फंदे पर झूले सिटी मजिस्ट्रेट के अर्दली, बचाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायं।** पारिवारिक कलह के चलते सिटी मजिस्ट्रेट के एक अर्दली ने घर में फंदा लगाकर खुदकशी का प्रयास किया। उसे फंदे पर लटका देख परिजनों ने शोर मचा दिया। उन्हें नीचे उतारकर जिला अस्पताल लेजाया गया। जहां से गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। डॉक्टर ने हालत खतरे से बाहर बताई है।

शहर के नावादा इलाके में रहने वाले 37 वर्षीय एक अर्दली ने दोपहर के समय घर में फंदा लगाकर खुदकशी की कोशिश की। कलक्ट्रेट के नाजिर अतुल ने बताया, वह सिटी मजिस्ट्रेट के अर्दली थे। वे करीब 15 दिन पहले ही सिटी मजिस्ट्रेट के यहां तैनात किये गये। इससे पहले वे नजारत में तैनात थे। बताया जाता है, परिवार में आपसी विवाद से वह परेशान थे। दोपहर के समय उन्होंने घर के कमरे में फंदा लगाकर खुदकशी की कोशिश की। उन्हें फंदे पर लटकता देख परिजनों ने उन्हें नीचे उतारा और तत्काल अस्पताल ले गए । जहां से मेडिकल कालेज ले गये। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। डॉक्टर के मुताबिक अर्दली की हालत अब खतरे से बाहर है। इस मामल में परिवार के साथ-साथ अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट के मुताबिक उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। सिविल लाइंस पुलिस ने भी ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

# बरेली की 56 पंचायतों में हाईटेक लाइब्रेरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- शहर नहीं जाना पड़ेगा, गांव के युवा अब डिजिटल लाइब्रेरी में करेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

**बरेली।** योगी सरकार की ग्रामीण शिक्षा को हाईटेक बनाने की मुहिम अब गांव-गांव तक पहुंचने लगी है। बरेली जिले की 56 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी लगभग तैयार हो चुकी हैं, जहां अब गांव के युवा शहरों जैसी स्मार्ट पढ़ाई कर सकेंगे।

किताबों से लेकर ई-बुक्स, ऑनलाइन कोर्स और कंप्यूटर आधारित पढ़ाई तक की सुविधाएं अब ग्रामीण छात्रों के हाथ में होंगी। अब तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले ग्रामीण युवाओं को लाइब्रेरी और संसाधनों के लिए शहरों का रुख करना पड़ता था। कई छात्र आर्थिक तंगी और दूरी की वजह से पीछे रह जाते थे, लेकिन अब डिजिटल लाइब्रेरी उनके सपनों को नई उड़ान देंगी। इंटरनेट, ऑनलाइन स्टडी मटेरियल और आधुनिक तकनीक से लैस ये लाइब्रेरी गांवों में शिक्षा का नया माहौल तैयार करेंगी। पहले चरण में जिले की 199 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जानी हैं। इनमें से 56 लाइब्रेरी में किताबें पहुंच चुकी हैं। हर लाइब्रेरी के लिए करीब 1.80 लाख रुपये की किताबें भेजी गई हैं। इसमें आधी किताबें नेशनल बुक ट्रस्ट से और बाकी अन्य प्रकाशकों से खरीदी गई हैं। आने वाले समय में 20 हजार रुपये का डिजिटल कंटेंट भी जोड़ा जाएगा, ताकि छात्र ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई कर सकें।डिजिटल लाइब्रेरी को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा गया है। यहां डेस्कटॉप कंप्यूटर, एलईडी स्क्रीन, मल्टी फंक्शन प्रिंटर, यूपीएस, वेबकैम और नेटवर्किंग सिस्टम भी लगाए जाएंगे। युवाओं को ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल लर्निंग और स्किल डेवलपमेंट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। हर लाइब्रेरी में करीब दो लाख रुपये का फर्नीचर लगाया जाना है। स्थानीय स्तर पर 70 हजार रुपये का फर्नीचर पहुंच चुका है, जबकि बाकी सप्लाई यूपीडेस्को द्वारा की जानी है। सैदपुर कुर्मीयान गांव की डिजिटल लाइब्रेरी पूरी तरह तैयार होकर शुरू भी हो चुकी है। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी योजना गांव के उन युवाओं के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी, जो संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई और कौशल विकास में पीछे रह जाते थे। जल्द ही सभी लाइब्रेरी को पूरी तरह संचालित करने की तैयारी की जा रही है।

## मौलाना तौसीफ के परिजनों से मिले फरमान मियां

**बरेली।** बरेली शरीफ से निकले भाईचारे के पैगाम के तहत जमात रज़ा-ए-मुस्तफ़ा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने सोमवार को बिहार के किशनगंज में बड़ी मिसाल पेश की। उन्होंने मरहूम मौलाना तौसीफ रज़ा मज़हरी के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी। यह राशि मौलाना की पत्नी और पिता में बराबर बांटी गई।काज़ी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रज़ा खान के निर्देश पर पहुंचे फरमान मियां का बागडोगरा एयरपोर्ट से गांव तक हजारों अकीदतमंदों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि उलेमाओं के परिवारों का सहारा बनना पूरी कौम की जिम्मेदारी है और मरकज़ हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।



सेंट जोसफ स्कूल में क्लास में टॉप करने पर पुरस्कृत करती सिस्टर।

# मायरा अली को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला मैडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के व्यापारी शाकिर अली की पुत्री मायरा अली ने 98.4% अंक लाकर कक्षा में टॉप करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उसकी इस उपलब्धि पर स्कूल में उसे पुरस्कृत किया गया। मायरा को पढ़ने का बेहद शौक़ है और पढाई को ही उसने खेल बनाकर इस उपलब्धि को हासिल किया है। स्कूल प्रबंधन व रिश्तेदारों की ओर से मायरा को बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर-9412252847 7906815587, 9758444242


# शत्रु संपत्ति में आजम खां की जमानत मंजूर

## पुलिस ने विवेचना कर बढ़ाई थी धाराएं, सेशन एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई



### डूंगरपुर में यह है नामजद

डूंगरपुर में जमीन से अवैध कब्जे हटवाकर आसरा कॉलोनी का निर्माण कराने के बाद आजम खां, आले हसन खां, अजहर खां, बरकत अली ठेकेदार के अलावा जल निगम के अधिकारी, सपा कार्यकर्ताओं पर घर में घुसकर लूटपाट, छेड़छाड़ समेत अन्य मामलों में 12 मुकदमे दर्ज किए गए थे। 6 मुकदमों में न्यायालय से फैसला हो चुका है 4 में आजम खां, आले हसन खां, अजहर खां समेत जल निगम के अधिकारी बरी हो चुके है जबकि दो मुकदमे में आजम खां, आले हसन खां, अजहर खां, बरकत अली ठेकेदार को सजा सुनाई जा चुकी है।

### आजम परिवार पर नहीं तय हुए आरोप

सोमवार को न्यायालय में थाना गंज, थाना कोतवाली के दो मुकदमों में सुनवाई नहीं हो सकी। जिसमें थाना कोतवाली में दर्ज यतीमखाना में सुनवाई हाईकोर्ट में भी विचाराधीन होने के कारण सुनवाई के लिए 9 जून नियत कर दी है। इसमें आजम खां, आले हसन खां, ओमेंद्र चौहान, वीरेंद्र गोयल, इस्लाम खां ठेकेदार, रानू खां नामजद है। जबकि थाना गंज के फांसी घर की जमीन को कब्जाने के मामले में आजम खां, अदीब आजम, डॉ.तजीन फात्मा, शाहजेब खां के अलावा 12 से अधिक लोग नामजद है। सोमवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन अधिवक्ता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र देने पर आरोप तय नहीं हो सके।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति में न्यायालय ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। जबकि आजम खां के थाना गंज में दर्ज डूंगरपुर मामले में 313 में बयान दर्ज नहीं हो सके। इस मामले में अगली सुनवाई अब 23 मई होगी।

सेशन कोर्ट एमपी-एमएलए में सोमवार को सपा नेता के शत्रु सम्पत्ति दर्ज मामले में पुलिस द्वारा बढ़ाई गई धाराओं को लेकर जमानत पर बहस हुई। जिसके बाद न्यायालय ने आजम खां के अधिवक्ता को दलीलों को मानते हुए राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। यह मामला कलेक्ट्रेट के रिकॉर्ड रूम के कर्मचारी मोहम्मद फरीद की शिकायत पर 9 मई 2020 को दर्ज हुआ था। इसमें पुलिस द्वारा पुनः विवेचना कर धारा 468, 471 की बढ़ोतरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी। जिसके बाद न्यायालय ने पुलिस के जरिए दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए आजम खां के समन जारी हुए थे। इसके बाद अधिवक्ता ने शत्रु संपत्ति मामले में आजम खां का सरेंडर प्रार्थना पत्र देते हुए जमानत मजिस्ट्रेट के यहां लगाई थी। यहां पर जमानत खारिज होने के बाद सेशन कोर्ट में जमानत लगाई। जिसमें सप्ताह भर से सुनवाई जारी थी। सोमवार को न्यायालय ने जमानत मंजूर कर ली। जब इसी कोर्ट में डूंगरपुर के मुकदमों में सोमवार 313 में बयान दर्ज नहीं हो सके। जिसके लिए अगली सुनवाई 23 मई मुकर्रर कर दी है।

# अवकाश के बाद ओपीडी खुलते ही जिला अस्पताल में उमड़ी भीड़

- सर्वाधिक एलर्जी, खांसी-जुकाम, बुखार के आए रोगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी रोगियों की भीड़।

**रामपुर।** अवकाश के बाद जिला अस्पताल की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल में सुबह से ही पर्चा काउंटर, डॉक्टर कक्ष और जांच केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। ओपीडी में 923 मरीज पहुंचे, जिनमें सबसे अधिक मरीज एलर्जी, खांसी-जुकाम, बुखार और डायरिया से पीड़ित रहे। सोमवार की सुबह अस्पताल खुलने के साथ ही पर्चा बनवाने वालों की लाइन लग गई। मरीजों ने बताया कि उन्हें एक घंटे से अधिक समय तक पर्चा काउंटर पर इंतजार करना पड़ा। इसके बाद डॉक्टर को दिखाने के लिए भी लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ा। जांच केंद्रों पर भी स्थिति यही रही। खून की जांच, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि अवकाश के बाद मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई थी। सभी मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया और अतिरिक्त व्यवस्था भी कराई गई।

## एक नजर

### खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

**रामपुर।** यूरिया और डीएपी, एनपीके उर्वरकों के वितरण पर निगरानी रखी जा रही है। लेकिन इसके बाद भी कालाबाजारी रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कालाबाजारी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने पर उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में गन्ना समिति 4, समितियां 64, उप समिति 10, इफको के केंद्र 4 है। उन्होंने कालाबाजारी पर तर्क दिया कि जनपद में खाद्य की स्थिति अच्छी हैं। डीएपी 4439, एनपीके 8824, एसएसपी 768 यानि कुल मिलाकर 14031 एमटी खाद्य है। जनपद की सभी समितियों पर किसानों को सरकारी रेट के अनुसार खाद्य मिल रही है। उन्होंने बताया कि यूरिया और डीएपी, एनपीके उर्वरकों के वितरण पर निगरानी में किया जा रहा है। कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत ही छापेमारी की जाती है इसके बाद मामले की जांच की जाती है जांच में दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### किसानों ने संभल टोल विवाद पर जताया आक्रोश

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह यादव सोमवार को नगर पहुंचे। धर्मवीर सिंह यादव ने कहा कि 8 मई को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के संभल जिला अध्यक्ष केपी यादव का टोल कर्मियों से विवाद हो गया था। इसके विरोध में उन्होंने अपने दो दर्जन साथियों के साथ टोल पर धरना दिया था।आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने किसानों की आवाज दबाने के लिए थाना बिलारी में किसानों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर संभल के जिला अध्यक्ष केपी यादव सहित दो दर्जन लोगों को जेल भेज दिया। धर्मवीर सिंह यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व से बातचीत कर मुरादाबाद में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष ज्ञानपाल यादव, जाकिर नेता राशिद अंसारी, नीरज शर्मा, ओतम सिंह यादव, हबीब अहमद, मनोज शर्मा, असलम बाबा, सर्वेश सक्सेना, मोहम्मद इकबाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुल्लाखेड़ा के मझरा के रहने वाले वीरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि बीते रविवार की रात वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही हरप्रीत सिंह उर्फ पीतू का उसके पास फोन आया और उसने वीरपाल की लोकेशन पूछी।आरोप है कि इसके कुछ ही देर बाद लोकेशन पाकर सतेंद्र सिंह उर्फ काका और सर्वजोत सिंह उर्फ सादा निवासी गांव खूटाखेड़ा उसके घर में घुस आए। दोनों आरोपितों ने वीरपाल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# 'राजस्व वसूली में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें आबकारी, व्यापार कर, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, वन विभाग, सिंचाई एवं नलकूप, नगर निकायों में राजस्व संग्रह, खनन, मण्डी समिति, बांट माप तथा खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष की गई राजस्व वसूली की स्थिति पर चर्चा की।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली की कम प्रगति पाए जाने पर तहसीलदार टांडा एवं नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली की प्रगति में सुधार लाते हुए लंबित देयों की प्रभावी वसूली सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए आरसी जारी कर वसूली की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह कार्यों में तेजी लाएं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए आरसी जारी कर वसूली की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। मत्स्य, कुम्हार आदि योजनाओं से संबंधित पट्टों की कार्यवाही एक माह के भीतर पूर्ण की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि बड़े भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तय की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जंगबहादुर यादव, नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम,सभी उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पालिका में कर्मचारियों का धरना शुरू

- पालिका प्रशासन ने वार्ता के लिए बुलाया, रणनीति होगी तय

जागरण मोर्चा, कार्यालय




मांगों को लेकर पालिका में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जटिल सात सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ पालिका प्रशासन के खिलाफ धरना पर बैठे गए। उन्होंने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया साथ ही धरने को संबोधित किया। धरना देने पर पालिका प्रशासन ने संघ के पांच सदस्यों को वार्ता के लिए बुलाया लिया है।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश दुली ने कहा कि 7 मई को एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया था। जिसमें सफाई कर्मचारियों की वेतन और अन्य समस्याओं की मांग थी। पालिका प्रशासन ने संघ से समय मांगा था। लेकिन 72 घंटे से अधिक का समय गुजरने पर समाधान नहीं हुआ है। इसी को लेकर पालिका में सोमवार को धरना दिया गया। धरने देने पर पालिका प्रशासन ने संघ के पांच सदस्य को वार्ता के लिए बुलाया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सात सूत्रीय मांगों को लेकर 7 मई को ज्ञापन सौंपा गया था। मंगलवार को वार्ता के लिए बुलाया गया। इसके बाद ही आगे की रणनीति बनाई जाएगी। धरना देने वालों में प्रेमराज, श्याम बाबू, प्रहलाद बाबू, श्याम मोहन, राजेश, रतन, किशनलाल, विमला देवी, ऊषा देवी, रीना, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# बिलासपुर पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता



मृतक के परिजनो से मिलते बॉलीवुड अभिनेता।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** बॉलीवुड हास्य अभिनेता संजय मिश्रा ने देश की अर्थव्यवस्था पर कहा कि 'हाय मंहगाई' यह कहावत हम बचपन से सुनते आ रहे हैं, इस पर मनोज कुमार ने गाना भी बनाया था यह चलता रहेगा। सोमवार को उत्तराखंड के नैनीताल के एक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बेटी पल मिश्रा के साथ लौट रहे अभिनेता नगर के मौहल्ला भट्टी टोला के सय्यदों वाले घेर स्थित अभिनेता सैयद आदिल मियां के आवास पर पहुंचें थें। उन्होंने कहा वे बिलासपुर आज से नही बल्कि उस ज़माने से यहां आ रहे हैं,जब डेवलपमेंट वाला बिलासपुर नहीं था। वर्तमान में तो, विकास कार्य बहुत हुए हैं, पक्की सड़कें पार्क और बेहतर सफाई व्यवस्था यह ग्रीन सिटी की तस्वीर बयां कर रही। उनका आदिल मियां के घर अक्सर आना जाना लगा रहता है,उनके परिवार से संबंध बहुत पुराने हैं, कुछ समय पहले ही उनकी वालिदा के हुए इंतेकाल से पहले भी वे आए थें और इंतेकाल के बाद में भी। उन्होंने कहा उनकी अप कमिंग फिल्म कर्त्तव्य है जिसमें वह सैफ अली खांन के साथ नज़र आएंगे यह फिल्म आगामी 15 अक्टूबर को रिलीज होगी।इससे पूर्व वे बेटी के साथ कब्रिस्तान पहुंचें और अभिनेता के दिवंगत पिता और मां की कब्र पर फूल चढ़ाकर दुआ की।वही संजय मिश्रा से मिलने और सेल्फ़ी खिंचवाने वालों का तांता लगा रहा।इस मौकें पर राजेश मुन्ना,बाकर खां,आशू खां, मोहम्मद हनीफ वारसी, मुराद खां, इश्तियाक,प्रिंस, दिलबाग सिंह,मेराज खां,मारूफ आदि मौजूद रहे।

# अलमारी बनाने वाले कारपेंटर ने किसान के घर में कर दी चोरी, खुलासा



प्रेसवार्ता करके चोरी का खुलासा करते एसपी,खड़ा आरोपी। -जागरण मोर्चा

- अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, दो दिन पहले दिया था चोरी की घटना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ग्रामीण के घर से चोरी करने के मामले में पुलिस ने कारपेंटर को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से सारा सामान बरामद कर लिया है।बताया जा रहा है कि जिस कारपेंटर ने अलमारी बनाई थी। उसी कारपेंटर ने मौका पाकर सामान चोरी कर लिया।आरोपी को कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल निवासी मोहम्मद ताहिर उर्फ भूरा ने करीब एक महीने पहले नगला गन्नेश के रहने वाले मोहसिन कारपेंटर से अपने घर में लकड़ी की एक अलमारी और तिजोरी बनवाई थी।काम के दौरान मोहसिन ने न केवल घर के रास्तों को समझा, बल्कि उसे तिजोरी की बनावट और उसकी कमियों की भी पूरी जानकारी थी।बताया जा रहा कि आरोपी कारपेंटर रविवार रात को मौका पाकर उसके घर में घुस गया। वह तिजोरी से सोने-चांदी के जेवरात और 16 हजार नकदी सहित लगभग 8 लाख रुपये का कीमती सामान चोरी कर फरार हो गया। सुबह जब परिजनों को चोरी का पता चला, तो इलाके में हड़कंप मच गया।

ताहिर की तहरीर पर सक्रिय हुई अजीमनगर थाना पुलिस ने शक के आधार पर कारपेंटर मोहसिन को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसके बाद सोमवार को एसपी सोमेंद्र मीणा ने प्रेसवार्ता के दौरान घटना का खुलासा किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।

# वीडियो वायरल होने पर नवाब फूड रेस्टोरेंट पर छापा



नवाब फूड प्वांइट से नमूने लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पान दरीबा स्थित नवाब फूड प्वांइट, क्वालिटी रेस्टोरेंट के शौचालय के पास बर्तन धोने का वीडियो वायरल पर खाद्य विभाग ने छापा मारा। मौके पर पहुंचकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने यहां से नवाब फूड प्वाइंट से काली मिर्च चिकन ग्रेवी के भी लिए है। जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में खाद्य विभाग का सचल दल ने नवाब फूड प्वांइट, क्वालिटी रेस्टोरेंट पर छापा मारा। छापेमारी होने से अन्य संचालकों में खलबली मची रही। टीम ने मौके से दोनों होटलों से काली मिर्च चिकन ग्रेवी के नमूने लिए गए।सहायक आयुक्त ने बताया कि पिछले कई दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था दिखाई दे रही। वीडियो में शौचालय के पास बर्तनों की सफाई किए जाने जैसी गंभीर लापरवाही भी सामने आ रही है।

**बैठक** प्रशासन लगातार उद्योगों के विकास पर प्रयास कर रहा

# प्रधानमंत्री के आवाहन का पालन एवं प्रचार करेंगे उद्यमी:श्रीष

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** होटल रेडियंस पार्क में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर की बैठक में उद्योगों को मिलने वाली विद्युत सप्लाई में लगातार हो रही ट्रिपिंग, रोस्टिंग एवं कम सप्लाई का मुद्दा सदस्यों द्वारा उठाया गया।

इस समय उद्योग विद्युत आपूर्ति के संकट से गुजर रहे है। इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही एसई से मिलकर समाधान की मांग करेगा। चर्चा हुई कि पेशेवर शिकायतकर्ता उद्यमियों की झूठी शिकायतें प्रशासन से कर उद्यमियों पर अनुचित दवाब डालने का कार्य कर रहे है। जिससे कि वोह उद्यमी का उत्पीड़न कर सकें। प्रशासन ऐसे लोगों को चिंहित करे उनसे सतर्क रहें ,उनका संज्ञान जांच के बाद ही ले एवं उन पर झूठी शिकायत पर कार्यवाही करे।प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री एवं प्रशासन लगातार उद्योगों के विकास पर प्रयास कर रहे है ओर उद्यमियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रहे हैं। बैठक में आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर किए गए जनता से आवाह्न वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग, सोने की कम खरीद, पेट्रोल की बचत, इ व्हीकल के प्रयोग, सौर ऊर्जा के प्रयोग,विदेश यात्राओं में कटौती,खाद्य तेल, रासायनिक उर्वरकों में कटौती,प्राकृतिक खेती,ओर स्वदेशी उत्पादों को खरीदने पर अमल करने का आवाहन किया। इससे विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी। आईआईए इन बिंदुओं का होर्डिंग आदि के माध्यम से प्रचार भी करेगा।बैठक में संरक्षक एस के गुप्ता, विपिन कुमार,रमेश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, मनोज गर्ग, अजय अग्रवाल , विनय बंसल,वी वी शर्मा, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, राजू गुप्ता, राम रक्ष पाल यादव, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार राजीव अग्रवाल दिग्विजय सिंह ने सुझाव रखे।

# पुलिस की हिरासत से फरार हुई अपहृता

- सैफनी थाने से मेडिकल के लिए लाई गई मिलक,तलाश में जुटी पुलिस
- मिलक सीएचसी से कांस्टेबल को चकमा देकर भागी

### 25 अप्रैल को किशोरी का हुआ था, अपहरण

25 अप्रैल को किशोरी अचानक से गायब हो गई थी।उसके बाद परिजनों ने काफी तलाश किया था,लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। बताया जा रहा है कि 9 मई को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। सोमवार को उसको मिलक मेडिकल परीक्षण के लिए महिला हेड कांस्टेबल ले गई थी। लेकिन किशोरी अचानक से गायब हो गई। जिसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। उसको हर जगह तलाश किया जा रहा है।

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक।सोमवार को थाना सैफनी क्षेत्र की एक अपहृता शनिवार को मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई।अपहृता को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी मिलक लाया गया था। घटना के बाद मिलक पुलिस के हाथ पांव फूल गए। उसको तलाश किया जा रहा है। हालांकि अभी तक पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक थाना सैफनी से एक अपहरण के मामले में बरामद की नाबालिग को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक लाया गया था। मेडिकल के दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस हेड कांस्टेबल की नजर बचाकर अपहृता किसी तरह मौके से फरार हो गई। घटना का पता चलते ही मिलक पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर अपहृता की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक खोजबीन के बाद भी अपहृता का कोई सुराग नहीं लग सका है। सैफनी थाना पुलिस और मिलक पुलिस संयुक्त रूप से अपहृता की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर हम अपने पुलिसकर्मी के साथ अस्पताल पहुंचे।आसपास के कैमरे भी तलाश किए गए तथा आसपास की मार्केट में भी पुलिस द्वारा तलाश किया जा रहा है पुलिस टीम खोजबीन में लगी है। हालांकि अभी तक उसका पता नहीं चल सका है।

## एक नजर

### निजी स्कूलों पर अवैध फीस वसूली का आरोप

**स्वार।** तहसील क्षेत्र के निजी विद्यालयों पर अभिभावकों से अवैध एडमिशन फीस, मनमानी शुल्क वृद्धि और महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, स्वार ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर 19 मई को स्वार से रामपुर तक पदयात्रा निकाली जाएगी। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि निजी विद्यालय एक कक्षा से दूसरी कक्षा में प्रोन्नति देने पर दो हजार से सात हजार रुपये तक एडमिशन या री-एडमिशन फीस वसूल रहे हैं, जो शासनादेश के विरुद्ध है। इसके अलावा ट्यूशन फीस और वार्षिक शुल्क में 30 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है।संगठन ने मांग की है कि कक्षा प्रोन्नति पर ली गई अवैध एडमिशन फीस वापस कराई जाए, मनमानी फीस वृद्धि समाप्त कर उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 लागू कराया जाए।

# मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी, 25-26 को बैंक कर्मी रहेंगे हड़ताल पर

जागरण मोर्चा, कार्यालय


भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन करते बैंक कर्मी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सौलह सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने नवाब गेट स्थित बैंक परिसर में धरना दिया। बैंक कर्मियों ने एक सुर में कहा कि जब तक उनकी मांगों को माना नहीं जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही 25-26 मई को बैंक कर्मी हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार की शाम 5:30 बजे भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन सचिव उत्कर्षा सिंह के नेतृत्व में तमाम बैंक कर्मी एकत्र हुए। इसके बाद उन्होंने मांगों को लेकर बैंक प्रबंधन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सचिव ने कहा कि स्टेट बैंक कर्मचारी संघर्ष की राह पर पिछले लम्बे समय से स्टेट बैंक प्रबंधन की ओर से कर्मचारी-अधीनस्थ वर्ग के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। फेडरेशन स्तर पर लगातार हो रही वार्ताओं के बावजूद सभी मांगें या तो जान बूझकर लंबित रखी जा रहीं हैं। कुछ मामलों में प्रबंधन ने लागू करने का आश्वासन देने के बावजूद लागू नहीं किया जा रहा है। कुछ मामलों में द्विपक्षीय वार्ता नियमों का पालन न करते हुए प्रबंधन ने अधिकारी संवर्ग को अतिरिक्त मौद्रिक लाभ दिए। क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने कहा जब तक बैंक प्रबंधन जायज मांगों को पूरी नहीं करेगा तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इसी को लेकर 25,26 मई को पूरे देश भर में भारतीय स्टेट बैंक में हड़ताल रहेगी।

प्रदर्शन करने वालों में तरु राज सक्सेना, अपूर्वा जैन, प्राची, निशा, अभिषेक, विनय सिंह, राधिका, अर्चना, यशी रेनू, देवेंद्र सिंह, नीतीश कुमार, रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह,रामेंद्र गोली, अमरदेव, विमल कपूर और अरविंद अग्रवाल मौजूद रहे।

### बैंक कर्मियों की यह है मांगे

मैसेंजर एवं गार्ड भर्ती तत्काल चालू, एनपीएस फंड मैनेजर में बदलाव, 2019 के बाद के लोगों के लिए भी इंटर सर्किल ट्रांसफर लागू। मेडिकल स्कीम बेहतर। वेतन समझौते की समानता। आउट सोर्सिंग बंद किया जाए। क्रासिंग सेलिंग के नाम पर मिस सेलिंग बंद किया जाए।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद तहसील क्षेत्र के डालचंद शर्मा इण्टर कॉलेज में यूपी बोर्ड 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी कठिन मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता केपी सिंह ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह विद्यार्थियों के संघर्ष, अनुशासन और लगन को भी दर्शाती है।उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर मोहनलाल, मक्खनलाल,अमित कुमार शर्मा, विष्णु कुमार, नाजिम अली, जहीन मियां, आकाश शर्मा आदि रहे।


डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते अध्यापक।

# जनपद के बंद एवं एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की जाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शासन ने पूर्व में बंद एकल शिक्षक विद्यालयों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। जिसमें शिक्षकों की तैनाती करने के निर्देश जारी किए गए थे कमेटी में सीडीओ,प्राचार्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी थे। एकल बंद विद्यालयों एवं जनपद के सरप्लस शिक्षकों को चिन्हित करते हुए 31 दिसंबर जनपदीय समायोजन समिति द्वारा 117 एकल एवं बंद विद्यालयों में जनपद के सरप्लस शिक्षकों को समायोजन करने का आदेश दिया गया था।

जिसमें अधिकाशं द्वारा इन विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। जिस कारण इन विद्यालयों की समस्या दूर नहीं हुई ना शासन की प्राथमिकता पूरी हुई। जिसके विरोध में कुछ शिक्षक कोर्ट चले गए कुछ ने शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि समायोजन में उनके द्वारा विकल्प नहीं लिए गए। शिक्षकों द्वारा जो कोर्ट चले गए थे उनके द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया था। उनको सुनवाई सीडीओ की अध्यक्षता में 2 अप्रैल को की गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने एक आदेश निकाला है। जिन शिक्षकों द्वारा विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया कुछ शिक्षक कोर्ट चले गए। कोर्ट ने जिला समायोजन समिति द्वारा शिक्षकों के प्राप्त आवेदनों की सुनवाई करते हुए है निस्तारण के आदेश दिए गए थे । हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा सभी जनपद के जिलाधिकारियों को आदेश दिए है कि जनपद के बंद एवं एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की जाए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है जिसमें 31 दिसंबर को जनपद में किए समायोजन में शिक्षकों को समायोजित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के कड़े निर्देश दिए है वरना कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी । अब वर्षों से बंद या एकल विद्यालयों में जमीनी स्तर पर शिक्षकों की तैनाती होगी या सिर्फ कागजों में कार्यवाही की जाएगी।

## शहर के बीचों-बीच कैमरे लगाना उचित नहीं: जफर

**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष मोहम्मद जफर ने माल गोदाम तिराहे पर लगाए गए ऑटोमैटिक चालान कैमरे को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रामपुर जैसे शहर में जहां आम आदमी पहले ही आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है, वहां इस प्रकार के कैमरे शहर के बीचों-बीच लगाकर लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। शहर का गरीब और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई, टैक्स, बेरोजगारी और अन्य समस्याओं से परेशान है। बहुत से लोग उधार या किसी परिचित की गाड़ी लेकर अपने जरूरी काम निपटाते हैं। ऐसे में हेलमेट या सीट बेल्ट जैसी छोटी चूक पर भारी चालान लगना आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। कहा कि आम आदमी पार्टी सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पूरी तरह पक्ष में है तथा कैमरा व्यवस्था का भी विरोध नहीं करती, लेकिन ऐसे कैमरे शहर के मुख्य एंट्री प्वाइंट चुंगी क्षेत्रों और हाईवे से शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर लगाए जाने चाहिए ताकि बाहर से आने वाले वाहन चालकों को पहले से सतर्कता रहे।



# पुरानी पेंशन केवल कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा नहीं बल्कि भविष्य की आधारशिला: दिगपाल

- अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से हुआ बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में सोमवार को बिलासपुर रोड मिलक स्थित द स्टार वर्ल्ड कॉफी हाउस में संगठन विस्तार एवं नवीन पदाधिकारियों के सम्मान के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनाधार युक्त बनाने के उद्देश्य से नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।हरद्वारी लाल को जिला सलाहकार, वकील अहमद को जिला उपाध्यक्ष, पंकज कुमार को ब्लॉक मंत्री मिलक तथा रामदेव गंगवार को अटेवा मिलक के ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा।सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का पुष्प मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट करके सम्मान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष दिगपाल गंगवार ने किया। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरानी पेंशन केवल कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि उनके सम्मानजनक भविष्य की आधारशिला है। उपस्थित साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि सभी कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण और एकजुटता के साथ संगठन का साथ दें, तो पुरानी पेंशन योजना की बहाली अब अधिक दूर नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर अटेवा-एनएमओपीएस द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन कर्मचारियों के अधिकारों की निर्णायक लड़ाई बन चुका है। यह संघर्ष केवल पेंशन का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामाजिक एवं आर्थिक संरक्षण का भी है। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे पुरानी पेंशन बहाली के जनांदोलन को और अधिक गति प्रदान करेंगे।प्रत्येक कर्मचारी तक संगठन की आवाज पहुंचाने का कार्य करेंगे।संगोष्ठी का समापन एकता ही शक्ति है। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है जैसे जोशीले नारों के साथ हुआ।

कार्यक्रम ने कर्मचारियों में नया उत्साह, ऊर्जा और संघर्ष का संकल्प उत्पन्न किया।कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र आर्य, जिला प्रवक्ता सुनील गंगवार, प्रमोद गंगवार, अनुपम पटेल. स्वराज यादव, चूड़ामणि गंगवार वीरेंद्र दिवाकर, अरविंद कुमार, ब्रजेश पाठक, उपेंद्र गौड़, पूनम गंगवार, अतर सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# फील्ड ऑफिसर का हुआ विदाई समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय


फील्ड ऑफिसर शशांक मिश्रा को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर में आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के एवं कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सम्मान और संस्कारों की अद्भुत मिसाल पेश की।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्यों एवं अध्यक्ष को क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

सभा में उपस्थित ग्रामवासियों की ओर से स्थानांतरित हुए फील्ड ऑफिसर शशांक मिश्रा का जो आत्मीय सम्मान किया।वह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे ग्राम पिपला शिवनगर की भावनाओं का प्रतीक था। ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शित यह सम्मान और अपनापन समाज में सकारात्मक प्रेरणा देने वाला संदेश बन गया। माना जा रहा है कि अधिकारी भी इन स्नेहपूर्ण क्षणों को जीवन भर स्मरण रखेंगे।कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।सभी के सहयोग से आयोजित की। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए वक्ताओं ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।मंच संचालन कर रहे ब्रह्मानंद मिश्रा ने अपनी प्रभावशाली वाणी से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उनकी उत्कृष्ट वक्तृत्व कला और प्रभावशाली संचालन की उपस्थित लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्याम सुंदर पाठक, राजेश तिवारी, मिंटू तिवारी,आलोक पाठक, विमल मिश्रा,अनुराग पाठक, देवेंद्र गंगवार, राजीव मिश्रा, राजमोहन तिवारी, सुधीर शुक्ला, मुनीश चंद शुक्ला, एकांत दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## तीन घंटे बंद रहेगी आज बिजली

**रामपुर।** 33/11 केवी शाहबाद गेट उपकेंद्र के 11 केवी, बरेली गेट एक फीडर पर पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई व जर्जर पोल को सही किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए बिजली आपूर्ति मोहल्ला मजार टाट शाह मियां, घेर सलामत खां, फूलों वाली बगिया, बुढ़िया की दुकान क्षेत्र की दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इसके अलावा 33/11 केवी पहाड़ी गेट उपकेंद्र के 11 केवी तालाब मुल्ला ऐरम फीडर पर पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई व जर्जर पोल को सही कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पीला तालाब चौकी, कैथ का पेड़, पीर की पैंठ, बगीचा ऐमना और मुल्ला ऐरम की आपूर्ति बंद रहेगी।

# किसानों ने प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, समाधान की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व में किसानों की गन्ना भुगतान,नहरों की सफाई,आवारा पशुओं से हो रहे नुकसान,तथा किसानों को प्रति हेक्टेयर 7 कट्टे ,एवं जिले में हो रहे किसानों के शोषण को रोकने के लिए जिला अधिकारी नाम एक ज्ञापन सौंपा।

जिनका शीघ्र ही समाधान होने की मांग जिला अधिकारी से की।जिसमे जिलाधिकारी ने शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो मे जिला प्रमुख प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह यादव,होरी लाल राजपूत,रंजीत यादव,ठाकुर अजीत सिंह, मीनू यादव, खुशीराम यादव, राजवीर सिंह यादव, सरदार प्यारा सिंह, साबिर अली, मजहर खान, जावेद अली ,शाकिर अली,नाजिम सिद्दीकी सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर छात्राओं को किया जागरूक


एचपीवी वैक्सीन को लेकर छात्राओं को जागरूक करते एसीएमओ डॉ चहल।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन लगाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग इस मामले में जागरूकता अभियान चला रहा है। खासतौर पर 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों और उनके परिवारों को एचपीवी वैक्सीन के लाभ बताए जा रहे है और जल्द से टीकाकरण कराए जाने को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को शाहबाद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मीटिंग हाल में रामपुर जनपद के एसीएमओ डॉ केके चहल और ब्लॉक कॉर्डिनेटर डॉ अर्चना सक्सेना द्वारा स्कूली बच्चियों को एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूक किया गया।

वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए एसीएमओ डॉ केके चहल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण बेहद जरूरी है, सरकार द्वारा इसे निःशुल्क लगवाया जा रहा है। 14 वर्ष से 15 वर्ष की आयु की किशोरियां अपने परिजनों को साथ लेकर सीएचसी पर जाकर वैक्सीन लगवा सकती है। इस मौके पर जीजीआईसी प्रिंसिपल वंदना शर्मा, उजमा वकील खां, सुमन आदि रहीं।

# जागरण मोर्चा समाचार पत्र की डीएम ने सराहना की


कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम को समाचार पत्र देते संवाददाता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जागरण मोर्चा समाचार पत्र की जिलाधिकारी ने सराहना की। समाचार पत्र के रिपोर्टर फहीम हसन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे। जिलाधिकारी को समाचार पत्र भेंट किया। इसके बाद उन्होंने समाचार पत्र पढ़ा।बोले कि अच्छी लेखनी है।पत्रकार समाज के आइना होते है। समाचार पत्र प्रदेश,राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रकाशित कर रहा है।

**मांग** पंचायत कर किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# बंद नहरों को कराया जाए चालू, नहीं मिल रहा पानी: भानु प्रताप

जागरण मोर्चा, कार्यालय


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत तहसील मिलक के डाक बंगला में हुई। पंचायत के दौरान पहुंची तहसीलदार मिलक सीमा गंगवार को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद, चांदपुर जदीद, गुलामगंज, नहर बंद है जिससे कई गांवों के किसान सिंचाई से वंचित है नहर को खुलवाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली समय पर नहीं मिलती है जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है बिजली समय से दी जाए। उन्होंने कहा की किसानों को समय से उर्वरक खाद समय पर नहीं मिल रहा है समय पर उपलब्ध कराया जाए। जिला अस्पताल में स्टाफ की सोते हुए कई बार वीडियो वायरल हुई है लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई सख्त कदम नहीं उठाता है स्टाफ द्वारा मरीज की रात में कोई देखरेख नहीं की जाती है आगामी 20 मई की किसानों ने रणनीति भी तैयार कर ली है राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल स्तर के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे।

इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, नीरज कुमार, फरीद खां, बाबर खां, रामप्रताप गंगवार, रामपाल पटेल, सुशील कुमार शर्मा, फूल सिंह गंगवार, भानु गंगवार, अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर


मनोना धाम में आशीर्वाद लेते देवकीनंदन।

### शाहबाद सीओ ने मनोना धाम जाकर लिया आशीर्वाद

**शाहबाद।** श्रीश्याम मंदिर मनोना धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी आस्था का सैलाब उमड़ता हुआ दिखाई दिया। इसी कड़ी में शाहबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन धाम पहुंचे। कलयुग के राजा श्रीश्याम सरकार के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र में सुख और शांति का आशीर्वाद लिया। सीओ देवकीनंदन ने मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रशासन ने उन्हें दर्शन कराए। दर्शन के दौरान सीओ के साथ अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

### संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

**टांडा।** उत्तर प्रदेश सामान्य शिक्षा मित्र सक्रिय टीम के जिला प्रभारी इदरीस अहमद के नेतृत्व और शिक्षा मित्रों के हितों के प्रति उनके संघर्षों के लिए उनका अभिनन्दन किया।सोमवार को प्राथमिक विद्यालय जालपुर के प्रांगण में आयोजित एक समारोह के दौरान क्षेत्र के समस्त शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और शिक्षकों ने जिला प्रभारी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों के हितों के लिए किया जा रहा कार्य सराहनीय है। सम्मान समारोह में, नफासत अली, सर्वेश कुमार सहित मोहम्मद आदिल, इम्तियाज हुसैन, मोहम्मद असलम, राजीव कुमार सिंह, सुनीता रानी, जाने आलम, सुभान अली एवं ऋषिपाल सहित जूनियर व प्राथमिक विद्यालय जालपुर का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 55 योजनाओं में ए ग्रेड पाकर सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जिला बना प्रदेश में नंबर वन

- **पिछले माह तीसरे पायदान पर था जिला, डीएम की सख्त मॉनिटरिंग से अप्रैल 2026 की रैंकिंग में बरेली व पीलीभीत को पछाड़ा**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) की अप्रैल 2026 की रैंकिंग में जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। मार्च महीने में तीसरे पायदान पर रहने वाले जिले ने विकास के पैमाने पर लंबी छलांग लगाते हुए 55 जनकल्याणकारी योजनाओं में ए ग्रेड प्राप्त किया है। यह बड़ी उपलब्धि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कड़े निर्देशों और योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग के साथ-साथ प्रशासनिक अमले की कड़ी मेहनत का नतीजा है। रैंकिंग में बरेली ने द्वितीय और पीलीभीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार कामयाबी ने जिले के प्रशासनिक कामकाज की गुणवत्ता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मुहर लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य रूप से ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, कृषि एवं ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, नमामि गंगे, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण,समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, दुग्ध विकास, पशुधन और मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सहकारिता, पर्यटन और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं में जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ए ग्रेड से नवाजा गया है।

### टीम वर्क को सराहा, भविष्य के लिए दिए निर्देश

प्रदेश में सर्वाच्च स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने इस सफलता को सभी विभागों के शानदार टीम वर्क, समर्पण और योजनाओं के जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन का नतीजा बताया। डीएम ने भविष्य की रूपरेखा तय करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए।

### डीएम की सख्त मॉनिटरिंग ने बदली तस्वीर

कामयाबी के पीछे प्रशासनिक कसावट की अहम भूमिका रही है। मार्च माह की रैंकिंग में जिला तीसरे स्थान पर था, जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं को और चुस्त-दुरुस्त करने का बीड़ा उठाया। डीएम के कड़े निर्देशों और सीधे मॉनिटरिंग का ही परिणाम है कि जिले ने अपनी कमियों को दूर करते हुए सूबे में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर योजनाओं की लगातार निगरानी की जाए, तो उसके बेहतर और सटीक परिणाम सामने आते हैं।

# नगर पालिका की लापरवाही से नहीं हो रहा जनता की समस्याओं का समाधान

## 13 सालों से तैयार बापू माल आज तक नहीं बसा , हामिद स्कूल के सामने बना डिवाइडर बन रहा हादसों

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी तिलक नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। उसके बाद सभी व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पहुंचकर व्यापारियों ने नगर पालिका के खिलाफ नारे लगाए। उसके बाद ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिग राम को सौंपा।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा की समस्याओं व व्यापार वृद्धि आर्थिक विकास व प्रगति व शहर के रोजगार के विकास के संबंध में व्यापार मंडल द्वारा लगातार अनुरोध कर पूर्ण सहमति के साथ अवगत करा चुका है लेकिन नगर पालिका परिषद जनता व व्यापारी समाज की समस्या को अनदेखी कर समस्याओं का समाधान नहीं करा पा रही है। जिससे शहर का विकास रुक रहा है।24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार बापू माल जो की 13 वर्ष से तैयार कंप्लीट है उसे नगर पालिका द्वारा गंभीरता पूर्वक शुरू कराया नहीं गया है। जिससे शहर का विकास ठप हो रहा है हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स को 50 गुना बढ़ाकर आम जनता व्यापारी समाज को भारी तादाद में नोटिस बांट दिए गए हैं, जो के नियमानुसार उचित नहीं है। इस पर 50 गुना की रोक लगाया जाना जरूरी है हामिद स्कूल के सामने बना डिवाइडर बहुत ही छोटी और पतली सड़क पर मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध लगा दिया गया है। जिससे जाम की समस्या व दुर्घटना होकर जनता के चोट लग रही हैं। इसको भी हटाया जाना आवश्यक है।जनता का व्यापारी समाज हित में विकास प्रगति और बेरोजगारी दूर करने व मजबूत करने के लिए इन समस्याओं का समाधान होना भी आवश्यक है।

### यह लोग रहे मौजूद

अरविंद गुप्ता,महफूज हुसैन, पप्पू खान,अब्दुल बासिक ,शाहिद मामू, दिलशाद हुसैन, फहीम अहमद, दिलशाद हुसैन ,पप्पू एमपी ,नूर मोहम्मद ,गोपाल शर्मा ,राजू सुमन श्रीमाली, अलीम खान ,नजाकत अली, फैसल अली ,विष्णु सैनी ,प्रवीण गुर्जर हरिओम सैनीआदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी साथी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आज होगा जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा 12 मई को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, पुरानी तहसील में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी जमीर हुसैन खां ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग चार प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी ।शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, शिवम इंटरप्राइजेज रुद्रपुर एवं अशोका लीलैंड शामिल हैं, जो विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। भर्ती प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तथा अन्य तकनीकी एवं व्यावसायिक योग्यताधारी अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के अनुसार संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं।प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यदि किसी भी कंपनी अथवा व्यक्ति द्वारा कॉल, संदेश या अन्य माध्यम से शुल्क अथवा धनराशि की मांग की जाती है, तो अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में भुगतान न करें और तत्काल इसकी सूचना विभाग को दें। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या शामिल करें योग: योगाचार्य

- **किला मैदान में आयुष विभाग द्वारा लगाया गया शिविर**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में योग 2026 कार्यक्रम के तहत जगह जगह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 365 दिन योग थीम की तैयारी को लेकर किला मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया।


आयोजित शिविर में लोगों को योगाभ्यास कराते योगाचार्य।

आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व अर्चना गुप्ता द्वारा सूक्ष्म व्यायाम और योगासन कराए।कहा कि सरकार की मंशा है प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे जिसको लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने पर ध्यान दिया जा रहा है। अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने पर आप अपनी देखभाल स्वयं कर सकते हैं। योग करने की आदत डालने से भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुष विभाग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

देश भर में योग सेंटर खोले गए हैं। उन्होंने कहा नियमित योग करें, अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें।

भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवन मुक्तासन, उत्तानपादास, हलासन योगासन कराए गए।

# प्रधानी में हरा, जिपं सदस्य के लिए होगा गुलाबी बैलेट पेपर




- **10 जून को प्रकाशित होगी पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पंचायत चुनाव की तिथि अभी साफ नहीं हुई है। जनपद में पंचायत चुनाव कुल 13 लाख 52 हजार 112 मतदाता है। जिनमें डुप्लीकेट वोटरों की संख्या 3 लाख 94 हजार 789 है। 10 मई तक 2692 डुप्लीकेट पाए जाने खत्म कर दिए हैं। 3 लाख 17 हजार 341 वोटों का सत्यापन जारी हैं। इसके बाद ही शेष डुप्लीकेट वोटों को खत्म किया जाएगा। फाइनल लिस्ट का प्रकाशन 10 जून को होगा।

पंचायत चुनाव अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि वोटर लिस्ट पर डुप्लीकेट वोटरों को हटाने का कार्य जारी है।

अब तक 2692 डुप्लीकेट सामने आने पर खत्म किए जा चुके हैं। जनपद में छह ब्लॉक में 680 ग्राम प्रधान, 34 जिला पंचायत सदस्य, 859 बीडीसी, 8504 ग्राम पंचायत सदस्य के पद है। इनके लिए बैलेट पेपर छपकर 2025 में ही रामपुर आ गए हैं।

प्रधान पद के लिए बैलेट पेपर हरा, बीडीसी के लिए नीला, जिला पंचायत सदस्य के लिए सफेद रंग का हैं। अभी चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है। जबकि नगर पालिका परिषद रामपुर में एक सभासद की मौत होने के बाद उपचुनाव के बारे पूछे जाने पर बताया कि अभी ऐसा कोई आदेश नहीं है और एलबीए द्वारा सभासद की मौत की सूचना भेजे जाने के बाद ही अग्रिम रणनीति तैयार की जाएगी।

# योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा:डॉ. पुष्कर

- **विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय में सलाहकार समिति की एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक डेटा संरक्षण केंद्र, विश्वस्तरीय आधुनिक वाचनालय, विश्वस्तरीय शोध डेटा संसाधन केंद्र, डिजिटल प्रौद्योगिकियों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर नीति रूपरेखा, विश्वस्तरीय आधुनिक भाषा प्रयोगशाला, विश्वस्तरीय आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के उपयोग तथा विश्वस्तरीय बहुभाषिक पुस्तकालय की स्थापना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।


बैठक में बोलते निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि यह समिति पुस्तकालय को रणनीतिक निर्णय-निर्माण, नीति निर्माण, दीर्घकालिक योजना तथा इस संस्थान को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के विश्वस्तरीय केंद्र में परिवर्तित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से गठित की गई है।प्रधानमंत्री ने इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समिति द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक डेटा संरक्षण केंद्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया कि भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति है, अतः उसके ज्ञान तंत्र को भी वैश्विक स्वरूप प्रदान किया जाना आवश्यक है। रिसर्च डेटा रिसोर्स सेंटर की स्थापना संबंधी एजेंडा पर विचार करते हुए इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध डेटा के आदान-प्रदान, शोध सहयोग तथा ज्ञान संसाधनों के समेकन हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया।डिजिटल तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रस्तावित नीति ढांचे के अंतर्गत नैतिक, पारदर्शी एवं समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली विकसित करने तथा सांस्कृतिक संरक्षण में आधुनिक तकनीकों के जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया।बैठक में आधुनिक भाषा प्रयोगशाला की स्थापना के प्रस्ताव के अंतर्गत बहुभाषिक पांडुलिपियों एवं ग्रंथों के अध्ययन, अनुवाद एवं शोध को प्रोत्साहित करने के लिए अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल एवं डिजिटल संसाधन विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।बैठक में प्रोफेसर केपी सिंह, डॉ. धर्मवीर सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली,डॉ. अजीत कुमार, डॉ. हसन जमाल आबिदी मौजूद रहे।

# टूलकिट योजना से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का नया अवसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद-एक उत्पाद ओडीओपी योजना के तहत जनपद के युवाओं, महिलाओं एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को पैचवर्क, जरीवर्क, एक्रिलिक वर्क तथा मेन्था ट्रेड में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 6 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक संचालित रहेगी।उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण स्थानीय कला एवं पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को संबंधित ट्रेड की बारीकियों, आधुनिक तकनीकों एवं कार्यकौशल की जानकारी विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण पूरी होने के उपरांत अभ्यर्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।उपायुक्त उद्योग ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यह योजना युवाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# नगर पंचायत में जल्द हो बोर्ड की बैठक: मनीष शर्मा

**शाहबाद।** पूर्व नामित सभासद मनीष शर्मा ने नगर पंचायत चेयरमैन को पत्र लिखकर बोर्ड की बैठक बुलाए जाने की मांग की है। मनीष शर्मा का कहना है कि नगर पंचायत शाहबाद में लंबे समय से बोर्ड की बैठक न होने से विकास कार्य ठप पड़े है।

कहा कि बोर्ड बैठक में विकास कार्यों, जनसमस्याओं के निस्तारण एवं विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर लोगों को सहूलियत प्रदान की जाएं। बोर्ड बैठक में नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क निर्माण/मरम्मत एवं बरसात से पूर्व नालियों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर विकास कार्य कराएं जाएं।

**आक्रोश** सपा सांसद कार्यालय पर भाजपाइयों ने दिया धरना

# विपक्षी दल महिलाओं के सशक्तिकरण से भयभीत : घनश्याम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा ने सपा सांसद के कार्यालय पर धरना दिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जनपद में जन-जागरूकता एवं जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर महिला हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के तोपखाना रोड स्थित कार्यालय के समक्ष धरना देकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।


सपा कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि विपक्षी दल महिलाओं के सशक्तिकरण से भयभीत हैं। वे लोकतंत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, इसीलिए लोकसभा में इस ऐतिहासिक संविधान संशोधन बिल का विरोध किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं, बस उन्हें उचित अवसर देने की आवश्यकता है।उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने केंद्र सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज देश की मातृशक्ति अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हो चुकी है।

### यह रहे मौजूद

उषा प्रकाश, कांता देवी, सायमा, फरजाना, आपा, मेहताब, रुकसाना, प्रिया, छाया, इरफ़ा, सारा, रिजवाना, बुशरा, चाँद बी और शकुंतला लोधी सहित भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान पर अब कोई भी आघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति करता रहा है, जबकि भाजपा ने इसे धरातल पर उतारा है।प्रदर्शन के दौरान महिलाएं हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विपक्षी दलों की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर रही थीं।

### एक नजर

#### पुलिस ने हत्यारोपी दबोचा

**चन्दौसी।** थाना एचोड़ा कम्बोह पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। दो मार्च को नवीन कुमार निवासी राजीखेड़ा ने तहरीर दी कि उसके बड़े भाई संजीव कुमार जो 2 मार्च की दोपहर 2 बजे पशु खोलने के लिए गांव में ही बने घेर में गए थे। इसी दौरान आरोपी ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने हत्या के आरोपी में वांछित चल रहे बृजकिशोर निवासी राजी खेड़ा को गांव चकिया राजीखेड़ा तिराहा से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

#### बग्गी का पहिया पैर पर चढ़ने को लेकर बरात में खूनी संघर्ष, दो घायल

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा के रामूवाला शेखू में बरात के दौरान बग्गी का पहिया ग्रामीण धन सिंह के पैर पर चढ़ने से खूनी संघर्ष हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों और बरातियों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें धन सिंह और बराती परम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने संभल के प्राचीन तीर्थों व महा कूपों को लेकर ली बैठक

## जनपद की नगर निकायों में समय किया जाए नाला सफाई कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित कलक्टेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटन विभाग की क्रियान्वित परियोजनाओं तथा नगरीय निकायों में निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें संभल स्थित 68 तीर्थ एवं 19 महा कूपों में पर्यटन विभाग एवं नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। जिला पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र तीर्थ में कराए जाने वाले कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा कार्य करने में कितना समय लगेगा उसको लेकर



बैठक करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

वार्ता की। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि आगामी बैठक में किए गए कार्यों की भौतिक प्रगति एवं फोटोग्राफ्स प्रस्तुत किए जाए। उन्होंने राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मानसून से पहले एवं मानसून के समय तथा मानसून के बाद किए गए जाने वाले कार्य का प्लान करें। उन्होने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन विभाग तथा ठेकेदार शामिल रहे। पर्यटन विभाग के अंतर्गत मनोकामना तीर्थ, कुरुक्षेत्र तीर्थ तथा नैमिषारण्य तीर्थ एवं प्राचीन कल्कि मंदिर में कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 14 तीर्थों को लेकर चर्चा की गई तथा संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद संभल द्वारा वंदन योजना एवं राज्य वित्त के अंतर्गत प्राचीन तीर्थों एवं कूपों पर कराए जाने वाले कार्यो को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निविदा की तिथि तथा कार्य प्रारंभ की तिथि तथा कब तक कार्य पूरा हो जाएगा, उसके अनुसार एक प्रारुप तैयार किया जाए। अन्य नगर निकायों चन्दौसी में शनि मंदिर तथा बहजोई में काली मंदिर तथा भगवंतपुर देवी माता मंदिर तथा सिसरी में चामुंडा मंदिर, नरौली नगर पंचायत में जहारवीर मंदिर, गवां, बबराला नगर पंचायत में मां गंगा घाट पर अवस्थापना सुविधाएं व विकास कार्य को लेकर जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने नगर निकायों में नाला सफाई को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा टैंडर प्रक्रिया को लेकर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की समय पर तलीझाड़ साफ सफाई हो जाए। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा, एसडीएम संभल निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।



मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# जंगल में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने पर हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगला गन्नेश के जंगलों में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। जमकर हंगामा किया।

सोमवार को ग्रामीणों ने जंगल में कुछ अवशेष पड़े देखे, जिसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई।हिंदू संगठनों का आरोप हैअसामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कर्मपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को शांत कराया।घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है।

सूचना पर सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद भी मौके पर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। थानाध्यक्ष कर्म सिंह ने बताया कि जंगल में अवशेष मिले हैं, मामले रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। आरोपियों की पहचान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने किया जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई के गांव सादातबाड़ी के प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, संभल स्थित खग्गु सराय के कार्तिकेय मंदिर, सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर आदि में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय/ज्योतिर्लिंग के आयोजन को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें शिवालयों में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महाआरती, रुद्राभिषेक, दीपोत्सव, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन आदि कार्यक्रम हुए। महिलाओं ने कलश यात्रा का आयोजन किया। जिसमें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गीत प्रमुखता का गाया गया। सोमवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल तथा सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने सादातबाड़ी स्थित श्री पातालेश्वर



प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव के मंदिर पर जलाभिषेक करते डीएम।

महादेव मंदिर में पहुंच पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किय। डीएम ने महिलाओं द्वारा निकाली जा रही कलश यात्रा का पूजा-अर्चना कर रवाना किया। इसके बाद डीएम व सीडीओ ने मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ सोमनाथ से प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इस अवसर खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी पवांसा अमर जीत सिंह व ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# नवागत उपजिलाधिकारी से मिले अधिवक्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नवागत उपजिलाधिकारी विकास कुमार की सोमवार को तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। एसडीएम ने वकीलों से परिचय प्राप्त किया। अधिवक्ताओं ने नवागत एसडीएम का स्वागत करने के साथ ही उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय से संबंधित किसी भी समस्या को प्राथमिकता से सुलझाया जाएगा। बार और बेंच के बीच मतभेद न हो, इसके लिए वे स्वयं प्रतिबद्ध रहेंगे।बैठक में वकीलों ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, खतौनी में अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों में सुधार आदि के मुद्दे उठाए।

# ई-रिक्शा से शहर में जाम की समस्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी को सौंपा गया। जिसमें कहा कि वर्तमान में नगर में जाम की समस्या से राहगीर त्राहि-त्राहि कर उठे है।

व्यापारी वर्ग हो या आम नागरिक हर शख्स इस समस्या से परेशान है। इसकी मुख्य वजह है कि नगर में बहुत अधिक ई-रिक्सा का संचालन हो रहा है। जबकि व्यापार मंडल पहले भी व्यापार बंधु की बैठक उच्चाधिकारियों के सामने इस मुद्दे को उठा चुका है। व्यापार मंडल ने सुझाव देते हुए कहा कि नगर में ई-रिक्शा को 4 जोन बांटा जाए, हरा, लाल, पीला, नीला और इस पर नबंर डाले जाए 1,2,3,4 ई-रिक्शा के चालकों को निर्देशित किया जाए कि वह



सीओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

> ▶ व्यापार मंडल ने सीओ को ज्ञापन देकर की समस्या समाधान की मांग

इन नंबरों और रंगों के हिसाब से ई-रिक्शा चलाए। जिससे नगर में जाम की समस्या से छुटकारा मिलने के साथ ही आमजन को राहत मिलेगी। इसके अलावा जो नाबालिग व अन्य रजिस्ट्रेशन की बगैर ड्राइविंग लाइसेंस की रिक्शा चला रहे हैं, उनका चालान किया जाए और बाहरी व्यक्तियों की नगर में ई-रिक्शा चलाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, सुभाष पाल, चिंटू शर्मा, रमेश ग्रेवाल, अनुज वार्ष्णेय, नवकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने वांछित दबोचा, न्यायालय के समक्ष पेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जुनावई पुलिस ने रिश्तेदारों को झूठे केस में फंसाने के षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला 29 अप्रैल का है, जब परतापुर निवासी नंदराम ने तहरीर दी थी कि 27 अप्रैल की रात बारात से लौटते समय उसके पिता हरपाल को रिश्तेदारों ने गोली मार दी। पुलिस विवेचना में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि नंदराम और उसके पिता हरपाल ने मिलकर रिश्तेदारों को फंसाने के लिए खुद पर गोली चलवाने की योजनाबद्ध साजिश रची थी। पुलिस ने साजिशकर्ता पिता हरपाल को 10 मई को अमन चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कानूनी कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री चरन सिंह के नेत्तृव में शिक्षक एकत्रित होकर बीएसए आफिस पहुंचे। उसके बाद बीएसए कल्पना देवी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जनगणना वर्ष -2026 -27 का प्रथम फेस 22 मई- 2026 से प्रस्तावित है।

बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षकों को जनगणना प्रेरक, सुपर वाइजर आदि नियुक्त किया है। दायित्वों के सफल संपादन के लिए संघ निम्नलिखित मांग करता है। जिसमें जनगणना वर्ष -2026 -27 प्रथम फेस ग्रीष्मावकाश के दौरान शुरू हो रहा है। वित्तीय हस्त पुस्तिका के अनुसार यदि विभागीय अवकाश के दौरान कोई भी सरकारी कार्य सरकारी कार्मिक से लिया जाता



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

है। उसे बदले में उपार्जित अवकाश का देय होगा इसलिए जनगणना अवधि का उपार्जित अवकाश दिया जाए।जनगणना में लगे जनगणना प्रेरक, पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र में ही नियुक्त किया जाए ताकि शैक्षिक व्यवस्था सुचारू रूप से गतिमान रहे। जनगणना में लगे जनगणना प्रेरक एवं पर्यवेक्षकों को बीएओ, बोर्ड परीक्षा जैसे आदि कार्यों से मुक्त रखा जाए। जनगणना कार्य में प्रधानाध्यापक,इंचार्ज प्रधानाध्यापक व संकुल व नोडल संकुल को न लगाया जाए ताकि शिक्षा व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न ना हो। इस मौके पर चरन सिंह, नरेंद्र सैनी, रहमत अली, प्रसन्न प्रकाश, डॉ. सरफराज अहमद, रामकिशोर, शिवकुमार, ललित कुमार, अनूप सिंह, लोकेश सैनी, मनोज कुमार, इंद्रेश कुमार, तनवीर अहमद आदि रहे।

# डरा-धमकाकर शादी करने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

> ▶ आरोपी युवक थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव फतेहपुर डाल का निवासी है

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल निवासी युवक पर जबरन शादी करने का प्रयास करने व फोटो को लेकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक की मदद से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब पुलिस मामले में की जांच में जुटी है।

युवती का कहना है कि उसकी एक वर्ष पहले सतनाम सागर निवासी फतेहपुर डाल थाना कुढ़फतेहगढ़ से मुलाकात हुई थी। उसके बाद युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और डरा धमकाकर उसके फोटो अपने फोन में खींच लिए। युवक ने युवती को उसके फोटो सोशल मीडिया, फेसपुर व इंस्टाग्राम पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल करके शादी का दबाव बनाने लगा। युवती के मना करने पर युवक ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। युवक 3 मई को युवती के घर आकर धमकी देकर गया कि अगर तूने मुझसे शादी नहीं की तो उठाकर ले जाऊंगा। आरोप है कि युवक उसे बदनाम करना चाह रहा है। इसके बाद युवती 4 मई को कोतवाली में तहरीर दी। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद युवती ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी के निर्देश में कोतवाली में आरोपी सतनाम सागर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने सोमवार को कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम गंगनैटा, थाना कैलादेवी, तहसील सम्भल निवासी दिव्यांगजन लाल गिरी पुत्र सौदान गिरी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं तथा उन्हें दिव्यांग पेंशन प्राप्त हो रही है, किन्तु उनके पास ट्राईसाइकिल उपलब्ध नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्रता के



जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतों का निस्तारण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

अनुसार प्रार्थी को शीघ्र ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि प्रार्थी का नियमानुसार आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराई जाए, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में तहसील गुन्नौर से संबंधित कुरेबंदी प्रकरण भी प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को समस्या का समाधान करने को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**मातृत्व-उत्सव** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों से बच्चों ने जीता माताओं का दिल

# सत्यम अकादमी में हर्षोल्लास से मना मदर्स डे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित न्यू सत्यम अकादमी में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य सतीश चंद्र गंगवार, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता एवं एकेडमिक कार्डिनेटर श्वेता मनचंदा और दामोदर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न




न्यू सत्यम एकेडमी स्कूल मे मदर्स डे कार्यक्रम में शामिल माताएं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, गीत, कविता एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित माताओं एवं अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम एवं सम्मान को अत्यंत भावुक और सुंदर ढंग से व्यक्त किया।

मदर्स डे समारोह के अंतर्गत माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक एवं रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका आयुषी रस्तौगी एवं विधि वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सत्यम चौधरी, जाह्नवी चौधरी, प्रधानाचार्य एस.सी. गंगवार, स्नेहा, निशि, तन्वी, पारुल, सुनैन, तनिष्का, यशिका, अंशिका, मनु, विधि, दिव्यांशी, रेनू, हिना, आयुषी, आरती, मीमांसा, मेधा, गुंजन, राखी, ऋतु, रूबी,मान्या, मुस्कान, अनन्या, चंचल, विदुषी, गीता, अर्चना, कोमल, सुमित, जयगोपाल,अभय, सपना, रूबी, विशाल, विषयपाल, दामोदर, मुजम्मिल, नियाज़, नवनीत, विशेष, गौरव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# बिलासपुर में अनियंत्रित मिट्टी से भरा डंपर मकान में घुसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** मिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने एक रिहायशी मकान को अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मकान की दीवार ढह गई और छत भरभराकर नीचे गिर गई। हादसे के वक्त घर में सो रहे परिवार के पांच सदस्य चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए।

घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव बंगाली कालोनी मानपुर ओझा गांव की है। यह हादसा सोमवार की तड़के चार बजे हुआ। गांव निवासी रमेश सिंह अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ गहरी नींद में सो रहे थे। इसी बीच अचानक एक जोरदार धमाके और धूल के गुबार के साथ एक अनियंत्रित डंपर उनके घर के भीतर घुस आया। छत का हिस्सा



घरमें घुसा डंपर। -जागरण मोर्चा

गिरने से घर में रखा कीमती सामान और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े तथा घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही रुद्र बिलास चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। लोगों ने क्रेन की मदद से डंपर को हटाने की कार्रवाई शुरू की। साथ ही पुलिस ने डंपर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिजन इस हादसे से आक्रोशित हो उठे और प्रशासन से खनन माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। स्वजन ने बताया कि रात्रि में 12 बजे से लेकर सवेरे पांच बजे तक अनगिनत डंपर मानपुर ओझा मार्ग से निकलते हैं। यह डंपर मिटटी से लदे और ओवरलोड होते हैं तथा इनकी स्पीड भी बहुत अधिक होती है। ओवरलोड और स्पीड अधिक होने के कारण कभी-कभी अनियंत्रित होकर लोगों को हादसे का शिकार बनाते हैं। सोमवार की तड़के भी यही हुआ। ओवरलोड डंपर ने उनका पूरा मकान क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उनका आशियाना पूरी तरह रहने लायक भी नहीं बचा। फरार चालक और डंपर संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें हुए भारी आर्थिक नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए। स्थानीय निवासियों ने भी रिहायशी इलाकों में भारी वाहनों की बेतहाशा रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि डंपर तीरथ सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी गुरुद्वारा रोड वार्ड संख्या 3 दिनेशपुर उधमसिंहनगर के नाम पर दर्ज है। डंपर के सभी कागजात पूर्ण हैं तथा अभी चालक की जानकारी जुटाई जा रही है। अभी इस संबंध में कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुए तथा जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अरुण कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### खड़ी कार की खिड़की से टकराई बाइक, चालक घायल, सीएचसी में भर्ती

**हसनपुर।** नगर के मेंन बाजार में खड़ी कार से बाइक की टक्कर होने पर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद युवक को घर भेज दिया गया, वहीं घायल ने कार सवार के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव सौहरका निवासी राजीव पुत्र जयपाल सोमवार को नगर में पशुओं के लिए चोकर लेने आया था, सोमवार को जब वह बाइक पर चोकर रखकर घर को जा रहा था, तभी मोहल्ला नवाबबान मैं खड़ी कार की खिड़की से उसकी टक्कर हो गई, जिससे वह गिर गया उसके पैर में गम्भीर चोट आ गई। घायल राजीव को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल का उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। वहीं घायल राजीव ने कोतवाली में कार स्वामी के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते की वार्ता चल रही थी।

# अध्यापकों की कमी पर छात्रों का हंगामा

## कॉलेज के गेट पर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन, जिलाधिकारी से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में अध्यापकों की कमी को लेकर सोमवार को छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय के गेट पर एकत्र हुए और कॉलेज प्रबंधन, प्रधानाचार्य तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।



जनता इंटर कॉलेज के छात्र में छात्राएं विद्यालय के गेट पर शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते।

अभिभावक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में छात्रों और अभिभावकों का एक प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त जिलाधिकारी मुरादाबाद से मिला और उन्हें सामूहिक शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं में पिछले करीब 40 दिनों से अंग्रेजी, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। आरोप है। कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं करीब 20 दिन से आंदोलन रथलेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी चुप्पीसादे बैठे हैं । जिससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । अभिभावकों और छात्रों ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन और संबंधित अधिकारी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में भी कई छात्र-छात्राओं को असफलता का सामना करना पड़ा था, जिससे वर्तमान विद्यार्थियों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। मांग पत्र के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2005 से कार्यरत अंग्रेजी के अध्यापक प्रीतम सिंह से तत्काल अध्यापन कार्य शुरू कराने, इंटरमीडिएट कक्षाओं में सभी विषयों के नियमित पीरियड संचालित कराने तथा विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित कराने की मांग की। साथ ही 40 दिनों तक पढ़ाई बाधित होने के लिए जिम्मेदार प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। जिलाधिकारी ने मामले का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान शहजाद, आबिद अली, तेजपाल सिंह, बाबू खान, हरपाल सिंह, मोहन सिंह, जाहिद अली सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इनमें चाहत, सना, सायबा, इकरा, महक, नसरीन, कनुप्रिया, अदिति, फरदीन, राजकुमार, रश्मि, शगुन, अभिषेक, नूरअफसा, मुबाशिरा, हिना परवीन और साहिला प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# बिलासपुर में किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा।ज्ञापन में किसानों को बिना शर्त यूरिया खाद,सब्सिडी, कर्जमाफी, मुफ्त बिजली और गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि सहित कई प्रमुख मांगें उठाई गई हैं। सोमवार की दोपहर संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्थानीय तहसील पहुंचे।

इससे पहले उन्होंने पार्क में पंचायत की और ज्ञापन तैयार किया। इसके बाद तहसील के मुख्य भवन के सामने प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पदाधिकारियों से वार्ता कर ज्ञापन स्वीकार किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि किसानों को यूरिया खाद की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन इसकी उपलब्धता सीमित है। सरकार द्वारा यूरिया की सीमित मात्रा में आपूर्ति के आदेश से किसानों में रोष है। यूनियन की प्रमुख मांग है कि किसानों को बिना किसी शर्त के पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में खाद, बीज, पेस्टीसाइड्स और कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत सब्सिडी देने की भी मांग की गई है। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उनके सभी कर्जे एक बार में माफ करने की अपील की गई। अन्य मांगों में गरीबों और किसानों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने और नलकूप योजना को फिर से शुरू करने का उल्लेख है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सभी मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यूनियन की आगामी महापंचायत में भी इन मुद्दों पर रणनीति तैयार की जाएगी। इस मौकें पर युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आसिम रजा, जिला महासचिव रईस अहमद आदि रहे।

# अंडरपास की मांग: बदायूं रोड संघर्ष समिति ने मुरादाबाद पहुंचकर डीआरएम को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** सोमवार को प्रातः 8:00 बजे बरेली से बस के द्वारा चौपला बदायूं रोड रेल अंडरपास बनवाने की मांग को लेकर डीआरएम कार्यालय मुरादाबाद संयोजक राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में चौपला बदायूं रोड रेल अंडरपास संघर्ष समिति के पदाधिकारी पहुंचे।



एडीआरएम पारितोष से मुलाकात की और उन्हें अंडरपास के विषय में बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा दिखवाया जाएगा। डीआरएम विनीता श्रीवास्तव के हरिद्वार होने पर राजेश अग्रवाल ने फोन पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि आप हमारे कार्यालय पर मिल लीजिए और आप आना चाहे तो दोबारा आ जाइए हम इसको दिखाएंगे। राजेश अग्रवाल ने बताया कि चोपला पुल 50 दिन को बंद होने वाला है, ऐसा अक्सर हो जाता है इसलिए एक वैकल्पिक मार्ग होना जरूरी है। समिति के प्रमुख सदस्य प्रदीप गुप्ता, नमनदीप सिंह, अरुण शर्मा, नंदन मनराल, छवि, अरुण अग्निहोत्री, देवांश, अरविंद सैमुअल, अमित जायसवाल, दिनेश शर्मा ,श्याम कुमार, ऋषि मिश्रा, गुलशन, पंकज सिंह, सागर, जहूर अतुल भारती, तस्लीम, सचिन, लवेश और रूबी प्रमुख थे।

# घायल छात्र के पिता ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 12 के छात्र की बाइक में एम्बुलेंस के द्वारा टक्कर मार दी गई।जिससे बाइक सवार दो छात्र घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां एक छात्र की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। वहीं घायल छात्र के पिता के द्वारा कोतवाली पहुंचकर एंबुलेंस चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

7 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के गांव हतियाखेड़ा निवासी सचिन पुत्र नन्हे एवं देवेंद्र पुत्र टेकचंद बाइक से नगर स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए आ रहे थे, दोनों कक्षा 12 के छात्र हैं। आरोप है कि तीसरे मिल के निकट अलीगढ़ मार्ग पर दोनों छात्र लघुशंका करने के लिए बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर रहे थे, तभी रहरा दिशा की ओर से आ रही एंबुलेंस ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों छात्र घायल हो गए। घटना के बाद चालक मौके से एंबुलेंस लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने छात्रों को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सचिन की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल सचिन के पिता राम किशोर कोतवाली पहुंचे और चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा बताया गया की तहरीर प्राप्त हुई है।

# ललित अकादमी की कार्यशाला का शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 11 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित होगी।




कार्यशाला का उद्घाटन डॉ-दुर्जन सिंह राणा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। बताया कि यह कार्यशाला जनपद अमरोहा में जूनियर विंग (10 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग) के लिए आयोजित होने वाली पहली विशेष कला कार्यशाला है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ-पराग पंडित ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने स्वयं पेंटिंग बनाकर कला कार्यशाला की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को चित्रकला एवं पेंटिंग निर्माण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्यशाला के प्रशिक्षक डॉ- सोहन सिंह हैं, जिन्हें राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा नियुक्त किया गया है, जबकि दूसरी प्रशिक्षिका अंजली शर्मा हैं। दोनों प्रशिक्षक विद्यार्थियों को विभिन्न कला विधाओं का प्रशिक्षण देंगे। समापन समारोह एवं प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डॉ- सुनील कुमार विश्वकर्मा होंगे। प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में 10-10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## शादी समारोह से ड्रोन और कैमरे चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** हापुड़ के बहादुरगढ़ स्थित चितौड़ा निवासी फोटोग्राफर ओमवीर सिंह चौहान का कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। 27 अप्रैल को ओमवीर ब्रजघाट के गांव बलवापुर में एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने गए थे। रात करीब आठ बजे मौसम बिगड़ने और आंधी आने पर, एक अज्ञात युवक ने झांसे में लेकर उनका ड्रोन और कैमरा एक घर में रखवा दिया।युवक ने घर की महिला को खुद को दुल्हन पक्ष का बताकर गुमराह किया और कुछ ही देर बाद सामान लेकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद भी सामान का पता न चलने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# चॉकलेट देकर अपहरण का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में कक्षा 6 के छात्र को चॉकलेट का लालच देकर अपहरण करने का प्रयास कर रहे बाइक सवार को ग्रामीणों के विरोध के चलते छात्र को छोड़कर मौके से फरार होना पड़ा। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को कोतवाली लाकर परिजनों को सौंप दिया।



पुलिस के द्वारा बरामद छात्र परिजनों को सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

नगर के मोहल्ला महल निवासी आशीष बंसल का 11 वर्षीय पुत्र दर्श बंसल नगर के एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है, वह सोमवार को लगभग 10:30 बजे घर के बाहर खेल रहा था तभी एक बाइक सवार आया और उसे चॉकलेट देकर साथ चलने को कहा जिस पर छात्र घर से एक जोड़ी कपड़े बैग में रखकर उसके साथ चल दिया। इसके बाद आरोपी छात्र को लेकर गजरौला मार्ग पर स्थित गांव दीपपुर गेट के निकट पहुंचा तो छात्र विरोध करने लगा। छात्र का शौर सुनकर एक ग्रामीण मौके पर पहुंचा और मामला पूछने लगा जिस पर आरोपी द्वारा कहा गया कि यह बच्चा दिल्ली जाने को कह रहा था अब मना कर रहा है ग्रामीण द्वारा टोका टाकी करने पर आरोपी छात्र को मौके पर छोड़कर बाइक लेकर फरार हो गया जिसके बाद ग्रामीण द्वारा डायल 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। बाद में कोतवाली पुलिस भी मौके पर गई। मौके पर पहुंची पुलिस छात्र को लेकर कोतवाली ले आई जिसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा छात्र के परिजनों को कोतवाली बुलाया गया और छात्र को उन्हें सौंप दिया। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि इस मामले में कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चोरों ने किया चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव झुडी माफी में रविवार देर रात चोरों ने दो किसानों की भैंसें चोरी कर सनसनी फैला दी। पहली घटना राजेंद्र पुत्र रामस्वरूप के साथ हुई, जिनकी भैंस घर के पास से चोरी हो गई।

वहीं, गांव के ही महेंद्र सिंह पुत्र तेजपाल सिंह की भैंस भी चोरों ने पार कर दी।रात करीब 2 बजे जब पीड़ितों ने पशु गायब देखे, तो गांव में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी भैंसों का सुराग नहीं लगा। चोरी गई दोनों भैंसों की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दबंगों ने कैंटीन पर युवक को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार हमलावरों ने कैंटीन पर बैठे एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना सोमवार की है, जब गांव कपासी निवासी यश अपने जीजा हरवीर और फुफेरे भाई रोहित के साथ अपनी बहन को लेने झकड़ी चौराहे आया था।

गजरौला मार्ग स्थित एक कैंटीन पर नाश्ता करने के दौरान, जब यश पेट्रोल भरवाने पास के पंप पर गया, तभी बाइक सवार तीन युवकों ने अचानक हरवीर पर हमला बोल दिया। हमले में हरवीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। परिजनों ने इस हमले के पीछे अप्रैल माह में हुई एक पुरानी रंजिश की आशंका जताई है। पीड़ित के परिजनों के अनुसार, 7 अप्रैल को एक विवाह समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें बारातियों और घरातियों के बीच संघर्ष हुआ था। माना जा रहा है कि उसी घटना के प्रतिशोध में इस हमले को अंजाम दिया गया।पुलिस ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह के अनुसार, मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है।



घायल को सीएचसी ले जाते हुए। -जागरण मोर्चा

# भाजपा बूथ समिति की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन पर्व' और 'बूथ सशक्तिकरण अभियान' के अंतर्गत सोमवार को शक्ति केंद्र नगर पालिका परिषद एवं कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय कायस्थान-1 पर बूथ समिति सत्यापन का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराते हुए आगामी लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

सत्यापन कार्य के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान 'जय भाजपा, विजय भाजपा' के नारों से परिसर गुंजायमान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि "मजबूत बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।"

कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के मंत्र पर जोर दिया गया और प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपनी समिति के साथ सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। इस सत्यापन अभियान और विजय उत्सव के दौरान पौरुष अग्रवाल, आम्रपाली गुर्जर, प्रमोद पांडे, विजय शर्मा, दीपमाला वर्मा, महावीर शर्मा, पवन कुमार, नीरा शर्मा, दीक्षा शर्मा, प्रिंस गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान बस स्टैंड की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में 30 वर्षों से कागजों में संचालित रोडवेज बस स्टैंड को धरातल पर उतारने की मांग तेज हो गई है। सोमवार को भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और डॉ. अमित चौहान ने लखनऊ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।नेताओं ने मांग की कि इस बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस 'सैटेलाइट बस स्टैंड' के रूप में विकसित किया जाए और इसका नाम "पृथ्वीराज चौहान बस स्टैंड" रखा जाए। उन्होंने तर्क दिया कि आधुनिक स्टैंड बनने से शहर में जाम की समस्या खत्म होगी और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे क्षेत्रीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**कथामृत** भक्ति और वैराग्य का संगम : कथा सुन भाव-विभोर हुए उधनपुर के श्रद्धालु

# भागवत कथा में सुनाया परीक्षित-सुखदेव का जन्म प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक कृष्ण देव जी महाराज के द्वारा राजा परीक्षित के जन्म का अदभुत्व के प्रसंग सुनाया गया।

उन्होंने बताया कि जब अश्वत्थामा ने ब्रह्म शास्त्र चलाकर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने का प्रयास किया तब गर्भ में पल रहे बालक परीक्षित की रक्षा स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने अपने सुदर्शन स्वरूप से की। यही बालक आगे चलकर धर्म प्रिय राजा परीक्षित कहलाए इसके पश्चात महाराज ने सुखदेव जी महाराज के दिव्या जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि महर्षि वेदव्यास के पुत्र के रूप में जन्म लेने वाले सुखदेव जी जन्म से ही महा ज्ञानी और वैराग्य थे। कहा जाता है कि वह 12 वर्षों तक अपनी माता के गर्भ में रहे क्योंकि उन्हें संसार की माया का मोह नहीं था। भगवान श्री कृष्ण के आश्वासन के बाद उन्होंने जन्म लिया और जन्म लेते ही वह वन की और तपस्या करने के लिए प्रस्थान कर गए ।महाराज जी ने कहा कि परीक्षित का जीवन हमें भगवान पर विश्वास करना सीखता है। जबकि सुखदेव जी महाराज का जीवन वैराग्य और भक्ति का संदेश देता है। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर लाखन सिंह, अमरपाल सिंह,भमर सिंह, शीशपाल सिंह, जाकिर, कृपाल सिंह, ओम प्रकाश, वीर सिंह, प्रेमचंद, रिशिपाल, प्रमोद, उमेश, तेजपाल, सचिन, विवेक, अतुल आदि मौजूद रहे।



कथा व्यास। -जागरण मोर्चा



कथा सुनते हुए श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# संपादकीय

## राजनीति के दो बिंब

यह भारतीय राजनीति का सबसे नाजुक दौर है। विपक्ष के लिए तो अग्नि-परीक्षा का समय है, लिहाजा बंगाल का 'केसरिया जनादेश' क्यों जरूरी था, अब यह समझ में आ रहा है। 'वॉशिंगटन पोस्ट', 'द इकोनॉमिस्ट', 'वॉल स्ट्रीट जनरल' सरीखे अमरीकी मीडिया में विश्लेषण छप रहे हैं कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी को जो जनादेश मिले हैं, जितनी संख्या में वोट दिए गए हैं, वे वाकई अद्वितीय हैं। अर्थात किसी अन्य विश्व-नेता को इतने जनादेश हासिल नहीं हैं। इन विश्लेषणों के ये निष्कर्ष भी दिए गए हैं कि भारत 'एकदलीय' लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निष्कर्ष बिल्कुल गलत है, क्योंकि अब भी कई राज्यों में भाजपा 'नगण्य' है और वहां विपक्ष की सरकारें हैं। बहरहाल बंगाल के शपथ-ग्रहण समारोह के मंच से दो बिंब आंखों में ही बस गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के सबसे बुजुर्ग और पुराने कार्यकर्ता, 98 वर्षीय माखन लाल सरकार के पांव छुए और फिर उन्हें शॉल ओढ़ा कर गले लगा लिया। कितना संस्कारी और प्रेरक संदेश अभिव्यक्त हुआ होगा? माखनलाल 'जनसंघ' के संस्थापक और सर्वप्रथम नेहरू कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगी रहे हैं। उनके 'कश्मीर आंदोलन' के सहभागी रहे हैं और वहां 'तिरंगा' फहराने के कथित अपराध में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। यह बिंब इतिहास और वर्तमान के संगम को साफ करता है। चूंकि बंगाल में पहली बार 'केसरिया सत्ता' हासिल हुई है, लिहाजा ऐतिहासिक क्षण थे, लिहाजा भाजपा के बहुत पुराने चेहरों को भी याद किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर ही दंडवत प्रणाम कर बंगाल की जनता का आभार जताया कि उसकी बदौलत ही 'भगवा सरकार' आज सामने है। यह है भारत के लोकतंत्र की ताकत! ममता बनर्जी भी आत्मचिंतन कर रही होंगी! यह प्रधानमंत्री मोदी की 'विशुद्ध राजनीति' हो सकती है, लेकिन हमने चार दशक से अधिक की पत्रकारिता के दौरान किसी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसी मुद्रा में नहीं देखा। आखिर वे भी राजनीति के जरिए ही प्रधानमंत्री बने थे। बहरहाल अब हालात ये हैं कि तृणमूल कांग्रेस के 14-15 सांसद ही गायब बताए जा रहे हैं। वे चुनाव में बिल्कुल निष्क्रिय रहे। यही नहीं, कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने ही 'दीदी' को आंख दिखाना शुरू कर दिया है। सवाल है कि चुनावी पराजय के बाद तृणमूल क्या बिखराव के मुहाने पर है? तृणमूल का बिखराव या टूटन अपनी जगह है, लेकिन विपक्ष का 'इंडी' गठबंधन आज कहां है? तमिलनाडु में द्रमुक की पराजय क्या हुई कि उसके गठबंधन में 'सत्ता की मलाई' चाटने वाले घटक-कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल आदि-छलांग लगा कर, पाला बदल कर, 'टीवीके' के समर्थन में चले गए। द्रमुक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे पीठ में छुरा घोंपने वाला विश्वासघात करार दिया है। यही नहीं, लोकसभा में द्रमुक सांसद कनिमोई ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि उनकी सीटें बदल दी जाएं, क्योंकि अब कांग्रेस के साथ उनका गठबंधन नहीं रहा। सवाल है कि 'इंडी' गठबंधन हमेशा ताश के पत्तों की तरह बिखरा हुआ क्यों रहता है? बेशक उद्धव ठाकरे की शिवसेना हो या हेमंत सोरेन का झामुमो अथवा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और चुनाव तक ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस रही हो, सभी नेता विरोधाभासी, एक-दूसरे के खिलाफ आरोपिया बयान देते रहे हैं। अक्सर चुनाव भी साथ-साथ नहीं, एक-दूसरे के खिलाफ, लड़ते रहे हैं। फिर 'इंडी' का राग क्यों अलापा जाता रहा है? 'इंडी' नेताओं की गाहे-बगाहे बैठकें तो होती हैं, लेकिन वे आपस में ही खाई खोदते रहे हैं। 'इंडी' का कोई संयोजक नहीं, कोई सचिवालय नहीं, साझा न्यूनतम कार्यक्रम नहीं, अलबत्ता मोदी-विरोध के मुद्दे पर उनकी बांहें हवा में लहराती रही हैं। यदि यही स्थिति रही, तो 2029 के लोकसभा चुनाव का बिंब स्पष्ट दिखाई दे रहा है। तब तक आधी पार्टियां जेल में होंगी और आधी पार्टियां समझौता कर भाजपा-एनडीए में विलीन हो चुकी होंगी। लिहाजा अभी वक्त है कि विपक्ष को सबक सीखना चाहिए।

# भारत उभरते बाजारों में सबसे मजबूत आर्थिकी

हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट मई 2026 में कहा कि भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारत के बड़े विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक सुधारों ने तमाम आर्थिक तूफानों व भूराजनीतिक संकटों के बीच भी भारत को आगे बढ़ाया है। साथ ही भविष्य में भारत के और तेजी से आगे बढने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि 9 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच राज्यों के ताजा विधानसभा चुनावों के नतीजे देश में राजनीतिक स्थिरता व लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुभ संकेत हैं और इससे आर्थिक रफ्तार को और तेज करने की दिशा में नई संभावनाएं पैदा होंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ताजा चुनाव नतीजे देश में आर्थिक नीतिगत स्थिरता, घरेलू बाजार की मजबूती, नई पीढ़ी के सुधार, क्षेत्रीय आर्थिक विकास तथा राष्ट्रीय परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को गति देते हुए दिखाई देंगे। साथ ही देश के पूर्वी राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल से सुधार और विकास की नीतियां तेजी से लागू होंगी। गौरतलब है कि भारत में राजनीतिक स्थिरता के परिदृश्य से भारत पर दुनिया का आर्थिक भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब भारत में देशी-विदेशी निवेश बढने के साथ विदेश व्यापार और सेवा निर्यात का ग्राफ भी तेजी से बढ़ते हुए दिखाई देगा। यह बात महत्वपूर्ण है कि वैश्विक चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बीच वर्ष 2026 में दुनिया में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट अप्रैल 2026 के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत विकास दर के साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती विकास दर वाला देश बना रहेगा।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और विश्व बैंक ने भी भारत के लिए ऐसे ही तेज विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं। अब देश में देशी-विदेशी निवेश बढने की संभावनाएं बढ़ेंगी। पिछले दिनों 30 अप्रैल को उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ने कहा कि नीतिगत सुधारों और आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों की मदद से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आंकड़ा 90 अरब डॉलर के पार जा सकता है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के मद्देनजर दुनिया के विकसित और विकासशील देश तेजी से भारत के साथ कारोबार बढ़ाने के मद्देनजर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप




से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे। निःसंदेह भारत के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात के नए बाजारों में दस्तक देने की संभावनाएं तेज होंगी। पिछले दिनों 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए हुआ है। न्यूजीलैंड के साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं, कनाडा, इजरायल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। यह बात ध्यान रखी जानी होगी कि अभी अमरीका के साथ व्यापार वार्ता में जल्दबाजी नहीं की जाए।

अमरीका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने राष्ट्रपति डानोल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 के तहत लगाया गया 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क 8 मई को रद्द कर दिया। यह फैसला 20 फरवरी को टैरिफ लागू होने के 50 दिनों से भी कम समय में आया है। इस फैसले से अमरीका के शुल्क को लेकर अनिश्चितता और बढ़ सकती है, जिससे भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के निष्कर्ष पर असर पड़ सकता है। ऐसे में भारत को अमरीका के अधिक स्थिर और कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार प्रणाली विकसित करने तक बीटीए पर अंतिम फैसले को लेकर इंतजार करना चाहिए। अमरीकी शुल्क नीति को लेकर लगातार अनिश्चितता, ट्रंप प्रशासन के शुल्क के फैसलों को अदालत द्वारा बार बार रद्द किए जाने से भारत के किसी भी दीर्घकालीन व्यापार प्रतिबद्धता को उचित ठहराना मुश्किल हो जाएगा। इस समय अमरीका भी अपने मानक मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) के तहत शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकांश क्षेत्रों में शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी व्यापार समझौते के एकतरफा होने का जोखिम है, जिसमें भारत को बिना किसी सार्थक टैरिफ लाभ के बदले स्थायी बाजार पहुंच रियायतें देनी होंगी। निश्चित रूप से अब व्यापार समझौतों और निर्यात के नए बाजारों के कारण भारत का सेवा निर्यात भी बढ़ेगा। दुनिया में इस समय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य में प्रकाशित सेवा निर्यात से संबंधित अध्ययन रिपोर्ट भी रेखांकित हो रही है। इसमें कहा गया है कि हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। ये ऐसी सेवाएं हैं जिन्हें बिना भौतिक निकटता के सीमाओं के पार पहुंचाना आसान है। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, क्लाउड कंप्यूटिंग और रिमोट वर्क ने कई सेवाओं को व्यापार योग्य बना दिया है। जैसे-जैसे दूरी का महत्त्व कम होता जा रहा है और डिजिटल व्यापार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ रहा है।

निश्चित रूप से भारत की आर्थिक ताकत को और तेजी से बढ़ाने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अब अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय, भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबे समय से लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। अब भारत का ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस बात की ओर भी ध्यान देना होगा कि भारत का जो निर्यात कुछ ही बाजारों और कुछ ही देशों तक सीमित है, उसे विभिन्न अधिक वस्तुओं और विभिन्न अधिक देशों तक विस्तारित किया जाए। इन सबके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, श्रम सुधार, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा। साथ ही भारत 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

# एक अभिनव पहल

गांव की जरूरत की चीजें बना कर गांव में ही बेची जाएं ताकि गांव के साधनों से गांव में ही उत्पादन हो और गांव में ही उसकी खपत की जाए, ताकि गांव का पैसा गांव में ही रहे और गांव में ही रोजगार पैदा करे। गांव वालों को शुरू में इस बात पर विश्वास ही नहीं हुआ कि ऐसा संभव हो सकता है। किन्तु गहराई में समझने के लिए गहन अध्ययन करने के लिए उन्हें मनाया गया और प्रयास किया गया कि गांव में उपलब्ध संसाधनों को समझा जाए, गांव में उपलब्ध कौशल को समझा जाए और गांव के अंदर उपलब्ध बाजार का आकलन किया जाए। इस शोध से यह जानकारी सामने आई कि गांव में ही 57 प्रकार के कौशल उपलब्ध हैं, 217 प्रकार का कच्चा माल उपलब्ध है।

भारत के गांव आज एक अजीब दोराहे पर खड़े हैं। पुराने समय का मॉडल कि 'गांव में पैदा करो और शहर में बेच लो', काम नहीं कर रहा है। उद्योग जगत ने ग्रामीण उत्पादक सामर्थ्य को निगल लिया है। खेती, पशुपालन सहित घाटे का सौदा बनती जा रही है और दस्तकारी चौपट हो गई है। गांव मौसमी या स्थायी पलायन के शिकार हो गए हैं। खेत खाली पड़ते जा रहे हैं और पशु सडक़ पर छोड़ दिए गए हैं। गांव की दुकानें शहरी उद्योगों में बने जरूरी, गैर जरूरी उत्पादों से पटी पड़ी हैं। उत्पादक अब मात्र उपभोक्ता बन कर रह गया है। गांव के गांव खाली पड़ते जा रहे हैं, या फिर बद्दी, बरोटीवाला, चेन्नई, दिल्ली में कमाओ और गांव में बैठ कर खाओ, की स्थिति है। शहर, गांव को निगल



रहा है और स्वयं भीड़ भडक्के, प्रदूषण और चेहरा विहीन समाज में जीने को अभिशप्त हो रहा है। इस समस्या को भले ही अनदेखा किया जा रहा है, किन्तु देश के टिकाऊ विकास के लिए इसके भयानक परिणाम होने वाले हैं।

यह तो सही है कि हम पुरानी ग्राम व्यवस्था में नहीं लौट सकते किन्तु यह भी सही है कि गांवों को उजडऩे से बचाना और गांव की उत्पादक अर्थव्यवस्था को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है जितना आधुनिक औद्योगिक शहरी विकास को प्रोत्साहित करना है। यह पुराने तरीके से तो नहीं होगा किन्तु कैसे होगा, इस प्रश्न का उत्तर तो ढूंढना ही होगा। इस दिशा में कुछ मार्गदर्शक कार्य हुआ है। ग्लाइड संस्था के संस्थापक प्रदीप घोष के माध्यम से संस्था ने उत्तर प्रदेश के दो गांवों में 'एक मौन समस्या समाधान हेतु ग्रामीण आजीविकाओं बारे पुनर्विचार' नामक कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसी पहल हुई है जिसकी भारत के हर गांव में जरूरत और प्रासंगिकता है। ग्लाइड के माध्यम से किसी सामाजिक संगठन के लिए गांव उदेरना, ब्लॉक निनगोही, और गांव रथ, ब्लॉक कुट्टार, उत्तर प्रदेश में ग्लाइड वर्कशॉप की गई। उस सामाजिक संगठन ने हजारों किसानों को साथ चलाया और 31 फार्मर प्रोडूसर संस्थाएं बना कर कार्य आरंभ किया। जो कुछ मसाले बना कर और जूते बना कर शहर में बेचने पर आधारित था। किन्तु यह मॉडल काम नहीं कर रहा था और लोग कुछ दिनों के मनरेगा कार्य पर ही निर्भर होने को अभिशप्त थे। पलायन की दर 12.5 फीसदी थी। गांव भुतहा हो चले थे। इस यात्रा में ग्लाइड ने चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया। यानी गांव में बनाओ और शहर में बेचो, में बाजार की गुलामी से ऊपर उठने की बात। गांव की जरूरत की चीजें बना कर गांव में ही बेची जाएं ताकि गांव के साधनों से गांव में ही उत्पादन हो और गांव में ही उसकी खपत की जाए, ताकि गांव का पैसा गांव में ही रहे और गांव में ही रोजगार पैदा करे। गांव वालों को शुरू में इस बात पर विश्वास ही नहीं हुआ कि ऐसा संभव हो सकता है। किन्तु गहराई में समझने के लिए गहन अध्ययन करने के लिए उन्हें मनाया गया और प्रयास किया गया कि गांव में उपलब्ध संसाधनों को समझा जाए, गांव में उपलब्ध कौशल को समझा जाए और गांव के अंदर उपलब्ध बाजार का आकलन किया जाए। इस शोध से यह जानकारी सामने आई कि गांव में ही 57 प्रकार के कौशल उपलब्ध हैं, 217 प्रकार का कच्चा माल उपलब्ध है। फिर आर्थिक साधनों का आकलन करने पर पता चला कि गांव का प्रति परिवार एक वर्ष का खर्च लाखों में है जिसमें से कुछ कमाई से और कुछ कर्ज से पूरा होता है। यदि बाहरी बाजारों से आने वाली औद्योगिक वस्तुओं पर खर्च होने वाली राशि में से कुछ गांव में ही उत्पादन करके गांव में ही खरीदा जाए तो यह गांव वालों की आमदनी बन जाएगा। यही चक्रीय अर्थव्यवस्था का मूल सूत्र है। ये लोग फैक्टरी में बनी पैक की गई 350 वस्तुओं पर प्रति वर्ष 23.50 करोड़ रुपए खर्च कर रहे थे। अर्थात इतना पैसा सीधे बड़े उद्योगपतियों की जेब में इन दो गांवों से जा रहा था, जिसके माध्यम से 2.35 करोड़ रुपए जीएसटी भी गांव से सरकार के खजाने में जा रहा था, जो गांव में आने वाली सामाजिक पेंशन और सहायता से ज्यादा था।

इससे यह पता चला कि व्यवस्था गांव को नहीं संभाल रही, बल्कि गांव व्यवस्था को चला रहे हैं। इस जानकारी के बाद सामाजिक संस्था ने 85 ऐसे उत्पाद चिन्हित किए जिनको गांव में ही बनाया जा सकता था, जिसके लिए कौशल भी उपलब्ध था। पहले चरण में 4 उत्पादों से कार्य आरंभ करने का सोचा गया और आकलन लगाया गया कि इतने मात्र से ही 500 परिवारों के गांव में वार्षिक 63 लाख रुपए की कमाई गांववासियों को होगी।

# दुनिया में सबसे अनमोल है जीवन की शांति

आज दुनिया को जिस चीज की सर्वाधिक आवश्यकता है वह है जीवन की शांति। व्यक्ति के जीवन की शांति से ही, परिवार, समाज व देश में शांति संभव है। अक्सर पूछा जाता है कि शांति की परिभाषा क्या है, किसको शांति कहते हैं। किसी ने कहा, युद्ध न होना ही शांति है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां युद्ध नहीं है तो क्या वहां शांति है... किसी ने कहा कि आवाज का अभाव शांति है... तो क्या आवाज नहीं होना शांति है। दरअसल, जीवन में जैसा आप सोचेंगे वैसे ही अनुभव करेंगे। वैसा ही हमारा जीवन होगा। लेकिन जो मन की शांति है, वो बाहर नहीं मिलेगी। इसीलिए कहा जाता है कि अंदर शांति है तो बाहर शांति।

सही मायने में शांति मन की स्थिति है। शांति आत्मा का स्वभाव है। आत्मा का स्वधर्म शांति। जहां आत्मा अपने स्वधर्म को महसूस करती है, वहां शांति व्याप्त होती है। हर चीज का अपना स्वभाव होता है। प्रकृति का अपना स्वभाव है। जैसे हवा का स्वभाव वेग है। जल का स्वभाव शीतलता है। आत्मा का स्वभाव स्वभावतः शांति है। इसी कारण हर कोई शांति चाहता है। हम अपने कर्म और स्वभाव के अनुसार शांति की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यह हर किसी का मूल स्वभाव है। शांति का अनुभव किया जा सकता है और इसे ध्यान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। पहले हम अपनी आत्मा को पहचानें कि मैं कौन हूं। मैं वही हूं जिसका स्वभाव शांति है। निस्संदेह, ये संसार एक मुसाफिरखाना है। हमारे जीवन का लक्ष्य हो कि न दुख दो न दुख लो। ये आत्मा का ट्रीटमेंट है। शांति से संतुलित करुणामय समाज का निर्माण होगा। हमें नफरत की आग को बुझाना है। शांति का सपना सजाना है हमें। लेकिन आत्मा की शान है शांति की अनुभूति। आज वैश्विक आवश्यकता है शांति। युद्ध के बादल पूरी दुनिया में छाये हुए हैं। निस्संदेह, हमारे जीवन से दूसरों के जीवन में शांति आएगी। लेकिन आज हम अपने स्वधर्म को भूल गए हैं। उच्च आत्मा का स्वधर्म शांति है। जब हम स्वधर्म में स्थापित हो जाएंगे तो शांति आ जाएगी। जीवन में सुख-शांति अनुभव करेंगे। हमें अपने को शांति स्वरूप बनाना है। वर्तमान समय में दुनिया में कई जगह युद्ध चल रहे हैं। लेकिन समाज व परिवार में भी किसी प्रकार का कोई संघर्ष है वो समाप्त हो। मनुष्य के जीवन व परिवार में शांति हो। जीवन में प्रगति तभी संभव है जब वहां शांति हो। जब आपका मन शांत होता है, तो आपकी निर्णय क्षमता स्पष्ट हो जाती है। शांत मन में बुद्धि में रचनात्मकता और श्रेष्ठ संकल्प उत्पन्न होते हैं। शांत स्वभाव दूसरों पर भी प्रभाव डालता है।

# वक्त चोरी हो रहा

देश में वक्त को पकडऩे की कोशिश क्या शुरू हुई, हर इनसान इसे पकडऩे लगा। किसी ने कहा अपने देश में सबसे अधिक वक्त मुंबई की लोकल ट्रेन में पकड़ा जा सकता है। दूसरे ने कहा वक्त तो दिल्ली में चल ही नहीं पाता। जब से मैट्रो आई है, वक्त भी यहां एक दूसरे पर सवार रहता है। दिल्ली का काफी वक्त तो ट्रैफिक में फंसा रहता है। किसी ने कहा, 'वक्त चोरी हो रहा है। जब-जब संसद के सत्र चलते हैं, वहां देश से चुराया हुआ वक्त पहुंच जाता है।' ऐसे में वक्त की हैसियत आखिर है भी क्या। कोई लंबा भाषण देकर वक्त से सब कुछ छीन लेता है, तो कोई वर्षों से योजनाओं पर विश्वास कर समय का चुनाव ही नहीं कर पाता। बाप ने बेटे से कहा, 'वक्त को सही ढंग से इस्तेमाल करो।' बेटा उस दिन से वक्त के पीछे पड़ गया। उसने एक बावा से पूछा, 'सही वक्त कहां मिलेगा।' बावा मुस्करा कर बोला, 'जब आप किसी का सही वक्त खराब कर दें, वहां से आपका ही सही समय शुरू होगा।' वह सोचने लगा भारत में ऐसे कौन हैं, जो अपने सही समय के लिए दूसरों को बुरा वक्त पेश कर रहे हैं। उसे भरोसा नहीं हो रहा था कि हर बार उसके ही मतदान ने कैसे उससे अच्छा समय छीन लिया। चुनाव के जरिए हम वक्त को अच्छी तरह से पकडऩा चाहते हैं, लेकिन समय है कि फिसला जा रहा है। दुनिया में होड़ जारी है। हर देश में वक्त चोर मौजूद हैं। इधर ट्रंप को देखें कि ईरान से ही पूछ रहा है कि उसे कौनसा वक्त दे। कमाल यह कि ईरान ने होर्मुज जलडमरु के नीचे विश्व का सारा समय छुपा रखा है। अपना देश कोई अमरीका नहीं कि वक्त को सूंघते कुछ न कुछ कह दे। वक्त पर बोलने से अच्छा है बेवक्त बोला जाए। हम पाकिस्तान पर जैसे ही बोलते हैं, वक्त का पता ही नहीं चलता कि यह हमारी तरफ से जाया हुआ या हम पाकिस्तान का समय छीन रहे हैं। अब तो हम मान सकते हैं कि शांति के प्रयास सबसे अधिक वक्त को ही निचोड़ते हैं, इसलिए वक्त बचाने के लिए अशांत होते हुए दोस्त नहीं, दुश्मन खोजिए। ऐसे में फैसला यह हुआ कि देश वक्त बचाए। इसी संदर्भ को लेकर समय बचाने की बैठक बुलाई गई। जनता चाहती थी कि समय बचाने के लिए सदन में चर्चा हो, लेकिन वहां का वक्त तो अक्सर बाहर की ओर निकल आता है। अंततः वक्त बचाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक सायं चार बजे होनी थी, छह बजे शुरू हुई। अध्यक्ष महोदय ने बैठक का समय बचाने के लिए खुद को दो घंटे बाद पेश किया। वहां हर कोई समय बचाने की दृष्टि से तर्क दे रहा था। चिकित्सा विभाग के अधिकारी ने कहा वह अस्पतालों में इस साल के सीटी स्कैन की डेट अगले साल तक ले जा रहे हैं ताकि देश का वक्त बच जाए। परिवहन निगम के अधिकारी ने कहा, 'हम तो पूरा रूट बंद करके, यात्रियों की यात्रा का समय बचा रहे हैं। इतना ही नहीं, हमारी खराब बसें सफर शुरू करने से पहले ही यात्रा का समय खत्म कर देती हैं।' शिक्षा विभाग का तर्क था कि वक्त बचाने के लिए नीतियां बदलते रहो। सरकारी स्कूल की टाट पर लोग जिंदगी बचा लेते हैं, तो वक्त का क्या। मुख्यातिथि का परिचय कराते आयोजक ने इतना समय ले लिया कि वह भाषण से कतराने लगे, फिर भी उन्होंने कहा कि देश को किसी मुद्दे पर नहीं बोलना चाहिए। ईरान-अमरीका वार्ता में भले ही पाकिस्तान बोल ले, हमें भविष्य के लिए वक्त बचाना चाहिए। बैठक को मालूम हो चुका था कि देश की विदेश नीति चुप रहेगी, तो वक्त बच जाएगा।

# पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की जरूरत

अमेरिका और ईरान ने फिर जिस तरह की आक्रामकता दिखायी, उससे आशंकाएं बढ़ गयी थीं, लेकिन अच्छी बात यह है कि दोनों शांति बहाली के प्रति गंभीर दिखते हैं। पिछले दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के खिलाफ प्रमुख अमेरिकी सैन्य अभियानों की समाप्ति की घोषणा की। व्हाइट हाउस में उन्होंने पत्रकारों को यह बताया कि विगत 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किया गया 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' समाप्त हो गया है। उन्होंने बहुत स्पष्ट रूप से यह कहा कि अमेरिका समझौता करना चाहता है। वह शांति का मार्ग अपनाना पसंद करता है और होर्मुज जलडमरुमध्य को खोलने पर चर्चा करना चाहता है, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

अमेरिका ने अपने उस 'प्रोजेक्ट



फ्रीडम' पर भी रोक लगा दी है, जिसके जरिये वह सैन्य ताकत के बल पर होर्मुज को खोलने की कोशिश कर रहा था। उसने पिछले दिनों ईरान को एक शांति प्रस्ताव भेजा, जिसका मकसद तुरंत युद्धविराम लागू करना और अगले एक महीने के भीतर स्थायी समाधान की नींव रखना है। इस प्रस्ताव में 14 बिंदुओं का एक एमओयू यानी सहमति पत्र है और उम्मीद है कि उसी से सुलह का रोडमैप तैयार होगा और स्थायी शांति का रास्ता निकलेगा।

इस सहमति पत्र में तीन मुख्य बिंदु बताये जा रहे हैं- पहला यह कि वैश्विक व्यापार की जीवन रेखा कहे जाने वाले होर्मुज जलडमरुमध्य को खोला जाये, दूसरा-ईरान परमाणु हथियार न बनाने की गारंटी दे। और तीसरा, इसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंध हटाने और ईरानी संपत्तियों में फंसे अरबों डॉलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। हालांकि समझौते की कई शर्तें आगे की बातचीत के नतीजों पर निर्भर करेगी। ऐसे में, पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने या लंबे समय तक अनिश्चितता बने रहने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सप्ताह की शुरुआत में ही संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमले से यह आशंका बढ़ी ही, जिसमें भारतीय नागरिक भी घायल हुए। अमीरात पर हमला उसी दिन हुआ, जिस दिन अमेरिका ने होर्मुज में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की। आशंका जतायी गयी कि इसके बाद इस्राइल ईरान के निशाने पर हो सकता है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसने अमीरात पर हमला नहीं किया है और ईरान के राष्ट्रपति ने इस हमले की तीखी निंदा की है। यह भी हो सकता है कि ईरान की सेना ने वह हमला किया। अगर ऐसा है, तो स्पष्ट है कि वहां राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व में तालमेल का अभाव अब भी है।

## एक नजर

### दो दिन शहर और ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित

**खटीमा।** दो दिन विद्युत कटौती से गर्मी में जनता बेहाल होने वाली है। सोमवार को विद्युत विभाग द्वारा 132 केवी खटीमा पीलीभीत डबल सर्किट लाइन के टावर संख्या 13 एवं 14 के मध्य कंडक्टर स्ट्रिंगिग का कार्य होना है जिसके चलते 132 केवी लोहियाहेड से पोषित समस्त 33 केवी फीडर जिसमें 33/11 केवी उपसंस्थान टाउन मेलाघाट, डीपीएच लोहियाहेड, हल्दी, कंजाबाग, 33 केवी इंडस्ट्रीज पोषक से सम्बन्धित समस्त इंडस्ट्रीज प्रभावित रहेंगे। ये कटौती सोमवार से मंगलवार सुबह 8 बजे से 6 तक रहेगी।एसडीओ अंबिका यादव ने बताया कि लोग अपने आवश्यक कार्य समय अनुसार पूरा कर लें।

### शाहबाद के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के गांव भुड़ासी में सोमवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव भुड़ासी निवासी सत्यपाल (40) रविवार रात अपनी दुकान बंद कर घर लौटे थे। परिजनों के अनुसार वह रात में घर पर सोए थे, लेकिन सोमवार सुबह उनका शव सड़क पर पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में सत्यपाल को निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया हमें कोई सूचना नहीं मिली है।

# यूपी कैबिनेट विस्तार: नए चेहरों से भविष्य पर नजर, योगी ने हिंदुत्व से साधा जातीय गणित

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में करीब तीन महीने के चिंतन-मंथन के बाद सारे कयासों पर विराम लगाते हुए आखिरकार योगी-दो के कैबिनेट का दूसरा विस्तार संपन्न हो गया। इससे सरकार और भाजपा संगठन ने जहां जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधने की कोशिश की है, वहीं, 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिहाज से हिंदुत्व एजेंडे. के जरिए जातीय गणित को भी साधा है। वहीं, इस संक्षिप्त विस्तार के सहारे में भाजपा सपा के पीडीए फार्मूला की काट तैयार कर विपक्ष के लिए तगड़ी घेरेबंदी की जमीन भी तैयार करेगी।

नए सदस्यों को शामिल करते हुए पूरे मंत्रिमंडल पर नजर डालें तो पाएंगे कि भाजपा सत्ताईस के संग्राम में जातियों की एकजुटता के सहारे हिंदुत्व की एकता को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने का भी संकेत छिपा है। पहली कोशिश जातियों की गणित साधते हुए हिंदुत्व को मजबूती देने की ही दिख रही। बिना कोई बड़ा उलटफेर किए जिस तरह मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है और जिन चेहरों को शामिल किया गया है वह बताता है कि भाजपा नेतृत्व प्रदेश में विधानसभा के आगामी चुनाव में भरोसे और एकजुटता के संदेश के साथ उतरने का फैसला किया है।

कुछ मंत्रियों को लेकर कई तरह की चर्चाएं चलती रही हैं लेकिन पहले से मंत्रिमंडल में मौजूद किसी मंत्री को अगर छेड़ा नहीं गया है तो उसकी बड़ी वजह यही है कि भाजपा ऐसा करके यह संदेश देने की कोशिश किया है कि मंत्रिमंडल में कुछ गड़बड़ नहीं है और विपक्ष के ऐसे सभी आरोप गलत हैं।

भाजपा ने विस्तार के जरिये यह भी संदेश देने की कोशिश है कि नए चेहरों के जरिए जहां पीडीए की काट तैयार की गई है, वहीं, मनोज पाण्डेय को शामिल कर ब्राह्मणों की नाराजगी दूर करने की कोशिश की गई है। साथ ही अगड़ों के सम्मान के ध्यान का संदेश दिया गया है।

भूपेन्द्र चौधरी, कैलाश राजपूत तथा हंसराज विश्वकर्मा को शामिल करके एवं अजीत सिंह पाल व सोमेन्द्र तोमर को स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री के रूप में पदोन्नति देकर भाजपा में पिछड़ों के सम्मानजनक प्रतिनिधित्व और उनके सरोकारों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया है। साथ ही कृष्णा पासवान और सुरेन्द्र दिलेर को मंत्री बनाकर दलित वर्ग की भी हिस्सेदारी का समुचित ध्यान रखने का संदेश दिया गया है। इस सबसे अधिक यह विस्तार भाजपा की 'बंटोगे तो कटोगे' की नीति को आगे बढ़ाता दिख रहा है।

# प्रीतिभोज के दिन वाहन की टक्कर से दूल्हे की मौत

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब प्रीतिभोज की रात ही सड़क हादसे में दूल्हे की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में मेहमानों की चहल-पहल और खुशियों का माहौल था, वहां देर रात चीख-पुकार गूंजने लगी। नवविवाहिता सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

क्षेत्र के ग्राम मैनहवा निवासी सहज राम यादव के बड़े पुत्र प्रमोद कुमार यादव (26) की शादी आठ मई को सिद्धार्थनगर जिले के बरदहा नानकार निवासी कुसुम यादव के साथ हुई थी। शनिवार को बरात सकुशल वापस लौटी थी और रविवार को घर में प्रीतिभोज का कार्यक्रम चल रहा था।

परिवार और रिश्तेदार खुशी के माहौल में शामिल थे। रविवार रात करीब आठ बजे प्रमोद कुमार यादव किसी काम से मोटरसाइकिल से सेमरी की ओर जा रहे थे। गांव के बाहर पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन तत्काल उन्हें जिला मेमोरियल अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान देर रात प्रमोद की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, प्रीतिभोज की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

### खुशियों से सजा घर मातम में बदल गया

हाथों की मेहंदी अभी फीकी भी नहीं पड़ी थी और नई जिंदगी के सपने आंखों में ही थे कि एक सड़क हादसे ने नवविवाहिता का सिंदूर उजाड़ दिया। आठ मई को शादी के बाद कुसुम यादव की शादी बड़े अरमानों के साथ प्रमोद कुमार यादव के घर शनिवार को विदा होकर आई थीं। परिवार के लोग नई बहू के स्वागत में जुटे थे। घर में रिश्तेदारों की भीड़, गीत-संगीत और खुशी का माहौल था। रविवार को प्रीतिभोज के दौरान मेहमानों की आवाजाही लगी रही। जैसे ही मौत की सूचना गांव पहुंची, खुशियों से सजा घर मातम में बदल गया। नई दुल्हन बेसुध होकर बार-बार यही पूछती रही कि अभी तो शादी हुई थी, अब मैं किसके सहारे रहूंगी। उसकी आंखों में बसे नए जीवन के सपने एक ही झटके में टूट गए।

# पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या में कोलकाता पुलिस ने तीन को दबोचा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी बक्सर बिहार के रहने वाले हैं। जबकि, तीसरा आरोपी यूपी के बलिया का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान यह भी बक्सर में ही रहता है।

इनमें से एक आरोपी राज सिंह अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र से पकड़ा गया है। हालांकि, इस मामले में जिले की पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है। इसके अलावा मयंक मिश्रा और विक्की मौर्या को बक्सर से ही गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मूल रूप से बक्सर के ही रहने वाले हैं।

सूत्रों के अनुसार, मूल रूप से बलिया का रहने वाला राज सिंह लखनऊ की तरफ से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे से आ रहा था। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर कोलकाता पुलिस ने इसे नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अभी तक इसके संबंध में ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है।

बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद से वहां की पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में यूपी समेत कई राज्यों में दबिश दे रही थी। जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थीं। अब मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कोलकाता पुलिस आज दोपहर में प्रेस वार्ता करके गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देगी। सूत्रों के अनुसार, बंगाल पुलिस कई दिनों से राज सिंह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। रविवार देर रात पुलिस टीम ने उसे अयोध्या में दबोच लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कसा गया शिकंजा, सिर्फ शनिवार-रविवार को वसूला गया 2.65 करोड़ रुपये जुर्माना

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने के डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर यातायात निदेशालय ने शनिवार और रविवार को पूरे प्रदेश में संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें कुल 69,683 वाहनों की जांच की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2,654 चालकों का चालान करने के साथ करीब 2.65 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

दरअसल, पिछले वर्षों के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2023 में 8.61 फीसदी दुर्घटनाएं शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से हुई थीं। वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 6.05 फीसदी और 2025 में 3.51 फीसदी रहा। समीक्षा में सामने आया कि सप्ताहांत पर कुछ लोग नशे में वाहन चलाते हैं। इससे मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर रात में जान का गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। प्रदेश के कुल 135 टोल प्लाजा पर चले अभियान में यातायात और नागरिक पुलिस के कुल 3,645 अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे।

### कानूनी प्रावधान और दंड

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 185 के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। रक्त में अल्कोहल की मात्रा 30 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। श्वास विश्लेषक परीक्षण में असफल होने पर पहली बार 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगता है। इसके अतिरिक्त छह माह का कारावास या दोनों सजाएं भी मिल सकती हैं। अपराध की पुनरावृत्ति पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड या दो वर्ष का कारावास या दोनों का प्रावधान है।

### मीट एंड ग्रीट की प्रक्रिया अपनाई

अभियान में महिला पुलिसकर्मियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने परिवार के साथ यात्रा कर रहीं महिलाओं से कुशलक्षेम (मीट एंड ग्रीट) पूछा और यात्रा के दौरान आईं समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, निर्माण सामग्री परिवहन करने वाले ट्रकों की भी जांच हुई। उनकी उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट का मौके पर ही सत्यापन किया गया।

# यूकेडी ने की उत्तराखंड में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग

एजेंसी समाचार



**खटीमा।** उत्तराखंड में बढ़ते अपराध व सक्रिय माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

सोमवार को उक्रांद कार्यकारी जिलाध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर उत्तराखंड में बढ़ते अपराध व सक्रिय माफियाओं पर अंकुश लगाने को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड राज्य में अंकिता भंडारी व चम्पावत की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार की घटनाओं में राष्ट्रीय पार्टियां के नेताओं के नाम उजागर होने से तथा उत्तराखंड में लगातार बढ़ते अन्य अपराधों की घटनाओं से देवभूमि की शांत छवि धूमिल हो रही है। उत्तराखं डमें इन अपाराधिक घटनाओं में वहां के स्थानीय प्रशासन व मित्र पुलिस के कुछ अफसरों की मिलीभगत भी चिंता का विषय है। उत्तराखंड में महिलाओं के उत्पीड़न तथा भूमाफिया, खनन माफिया, वन माफिया व शराब माफियाओं की बाढ़ सी आ गई है। जिसे उत्तराखंड सरकार नियंत्रण करने में असफल रही है। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान शिवशंकर भाटिया, कैप्टन धनबहादुर चंद, सुंदर सिंह मनौला, योगेश बोरा, हरीश चंद्र फुलेरा आदि मौजूद थे।



# सोना न खरीदने की पीएम की अपील पर अखिलेश का पलटवार, कहा- भाजपा के लोग ही कर रहे हैं जमाखोरी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को चुनाव खत्म होते ही संकट याद आ गया। दरअसल देश के लिए संकट सिर्फ एक है और उसका नाम है भाजपा। इतनी सारी पाबंदियां लगानी पड़ेंगी तो पांच खरब डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। लगता है भाजपा सरकार के हाथ से लगाम पूरी तरह छूट गई है। डॉलर आसमान छू रहा है और देश का रुपया पाताल की ओर जा रहा है।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, भाजपाइयों को अपने भ्रष्ट लोगों से करनी चाहिए, क्योंकि जनता तो वैसे भी 1.5 लाख तोले का सोना नहीं खरीद पा रही है। भाजपा के नेता ही अपनी काली कमाई को सोने में बदलने में लगे हैं। लखनऊ से लेकर गोरखपुर तक और अहमदाबाद से लेकर गुहाटी तक यही स्थिति है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनावी घपलों से राजनीति को प्रदूषित कर दिया है। नफरत फैलाकर समाज के सौहार्द को बर्बाद कर दिया है।

# प्रदेश में गर्मी की वापसी, 42 डिग्री के करीब पहुंचा बांदा जिले का पारा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मौसम में लगातार उतार चढ़ाव जारी है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के एक दौर के बाद सोमवार को प्रदेश भर में धूप खिली। गर्मी और तपिश में बढ़ोतरी हुई और 41.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। झांसी, प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

इधर एक और विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए पश्चिमी यूपी, दिल्ली से सटे जिलों और तराई के कुल 38 जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाओं के साथ गरज चमक व हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मंगलवार से अगले तीन-चार दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में और खासकर तराई क्षेत्रों में बादलों की सक्रियता बनी रहेगी। इस दौरान रुक-रुक कर हल्की बारिश के आसार हैं, लेकिन इसके बावजूद तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

### पांच सर्वाधिक तापमान वाले जिले

बांदा- 41.6 डिग्री सेल्सियस
झांसी- 40 .7 डिग्री सेल्सियस
प्रयागराज- 40 .4 डिग्री सेल्सियस
आगरा- 39 .6 डिग्री सेल्सियस
वाराणसी- 39 .6 डिग्री सेल्सियस

### तेज हवा और गरज चमक की चेतावनी

श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा: जिलों की अग्रिम सूचना जारी, 21 मई को 44 जिलों में होगी मुख्य परीक्षा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** यूपी में लेखपाल भर्ती के लिए 21 मई को होने वाली मुख्य परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने जिलों की सूची जारी कर दी है।

परीक्षा का आयोजन 21 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे के बीच होगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर शुल्क जमा करने के बाद जिलों की अग्रिम सूचना देख सकते हैं। यह भर्ती अभियान उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भर्तियों में से एक माना जा रहा है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 7,994 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा 21 मई 2026 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। जिलों की सूची जारी होने के बाद अब उम्मीदवार अपनी यात्रा और परीक्षा से जुड़ी तैयारियां पहले से कर सकेंगे। यूपीएसएसएससी ने साफ किया है कि जिलों की सूची केवल परीक्षा शहर और परीक्षा समय की जानकारी देने के लिए जारी की गई है। यह एडमिट कार्ड नहीं है और इसके आधार पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

आयोग ने यह व्यवस्था इसलिए की है ताकि उम्मीदवारों को यात्रा और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। विस्तृत परीक्षा केंद्र पते वाला एडमिट कार्ड परीक्षा से करीब 4 से 5 दिन पहले जारी किया जाएगा। बता दें कि प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) 2025 की मेरिट के आधार पर लिखित परीक्षा के लिए 3.67 लाख अभ्यर्थी शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इस तरह एक पद के लिए 46 दावेदार होंगे। आयोग ने लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम भी जारी किया है। 100 नंबर की 2 घंटे की बहुविकल्पीय सवालों पर आधारित परीक्षा होगी। इसमें गणित की जगह डाटा इंटरप्रिटेशन को शामिल किया गया है।

**आयोजन** — विद्यालय के नन्हे सभी बच्चों ने उपस्थित माताओं के चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया

# डायनेस्टी गुरुकुल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस




मातृदिवस कार्यक्रम में डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी में सम्मानित माताएं।



मातृदिवस पर कलश सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेती माताएं। -जागरण मोर्चा

एजेंसी समाचार

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में मातृ दिवस पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित मातृशक्ति व विद्यालय प्रबंधन समिति ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के नन्हे सभी बच्चों ने उपस्थित माताओं के चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

माताओं के लिए विद्यालय द्वारा गायन, कला, कुकिंग विदाउट फायर, सुलेख के साथ-साथ अनेक खेल आयोजित किए गए थे। क्रिएटिव मदर में मीनाक्षी, वर्किंग वंडर मदर किरन वर्मा, सुपर एक्टिव मदर शांति देवी, टैलेंटेड मदर भावना वर्मा, इंस्पायरिंग मदर शोभा भट्ट को चुना गया। वहीं आयोजित प्रतियोगिताओं में कुकिंग विदाउट फ्लेम में प्रथम स्थान किरन वर्मा,द्वितीय स्थान अमनदीप कौर,तृतीय स्थान हेमा चंद, सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम पांडेय, द्वितीय स्थान कीर्ति राना, तृतीय स्थान भावना गोस्वामी, रोल रिवर्सल स्किट में प्रथम स्थान शांति देवी, द्वितीय स्थान मिनाक्षी कलौनी, तृतीय स्थान तारा मेहता ने प्राप्त किया। इसके अलावा मेहंदी प्रतियोगिता, कलश सज्जा प्रतियोगिता, ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, रुचि चौहान, लिंसी त्यागी, माया जोशी, चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन ने मातृशक्ति मदर डे की शुभकामनाएं दी।

# शराब देने से मना करने पर युवक ने सेल्समैन के सिर पर लोहे की रॉड से किया वार, मौत

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मलिहाबाद में शराब की दुकान पर हुए मामूली विवाद में युवक ने सेल्समैन के सिर पर लोहे की रॉड से हमलाकर हत्या कर दी। युवक ने शराब मांगी थी जिस पर सेल्समैन ने उसे कुछ देर इंतजार करने के लिए कहा था जिस पर हाथापाई की नौबत आ गई।

पुलिस के मुताबिक मलिहाबाद स्थित सैयद वाडा बजरिया का रहने वाला अजय जायसवाल (43) मलिहाबाद में देसी शराब की दुकान पर दो साल से सेल्समैन का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी हेमा व तीन बच्चे खुशी, कृष्णा और पीहू हैं।

रोज की तरह अजय अपनी मोटरसाइकल से घर से 9:30 बजे सुबह दुकान पर गए थे। वह दुकान की सफाई कर रहे थे तभी अचानक कस्टमर आया और उसने शराब मांगी। उन्होंने थोड़ी देर बाद शराब देने की बात कही तो वह उनसे लड़ने लगा। बात मारपीट तक जा पहुंच गई। इस पर वहां मौजूद लोग बीचबचाव में आ गए तभी युवक ने वहां पर रखा लोहे की रॉड उसके सिर पर मार दी जिससे वह घायल होकर गिर पड़े।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गई जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रिश्तेदारी में गए युवक का धान के खेत में मिला शव

## हाईवे किनारे खाई में पड़ी मिली बाइक, मची खलबली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** रिश्तेदारी में नामकरण की दावत में शामिल होने गए युवक का शव धान के खेत में पड़ा मिला। जिससे सनसनी फैल गई। उसकी बाइक पड़ोस में पड़ी थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पहुंच कर जांच की, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार में कोहराम मचा है।

घुंघचाई क्षेत्र के गांव कैशोपुर निवासी राम निवास पुत्र काशीराम की बलरामपुर गांव में रिश्तेदारी है। रविवार देर शाम अपनी बाइक से थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर में रिश्तेदारी में आयोजित नामकरण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। परिजनों ने बताया कि कार्यक्रम के बाद वह देर रात घर लौटने वाले थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह नहीं पहुंचे, सोमवार सुबह करीब नौ बजे मैगलगंज



मौके पर जांच करती पुलिस। –जागरण मोर्चा

हाईवे से कैशोपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ के पास लोगों ने धान के खेत में युवक का शव पड़ा देखा। कुछ दूरी पर हाईवे किनारे खाई में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर रोते बिखलते परिजन मौके पर पहुंचे,घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्र की जांच की। परिवार व लोग सड़क हादसे में मौत होने की आशंका जता रहे है। उनका कहना है कि देर रात हाईवे से गुजरते समय बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी होगी, जिससे युवक खेत में जा गिरा और उसकी मौत हो गई। मृतक के दो बच्चे है। जिसमे अनुराग पुत्र और दीक्षा पुत्री है। पत्नी निर्माला का रो रो कर बुराहाल है। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दरोगा बिजय वीर सिंह ने वताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। जांच की जा रही है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर विधायक पुत्र रितुराज पासबान ने मौके पर पहुंच कर परिवार को ढाढंस बंधाया।

## बंद घर का ताला तोड़ नकदी और पायलें चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कैशोपुर में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात पार कर दिए। पीड़ित बिशनू, जो सपरिवार रुद्रपुर में रहकर मजदूरी करता है, कुछ माह पहले अपने घर पर ताला डालकर गया था।

सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरों की तलाशी लेते हुए वहां रखी नकदी और चांदी की पायलें चोरी कर लीं। जब पीड़ित वापस घर लौटा, तो उसे ताला टूटा और सामान बिखरा मिला। चोरी का एहसास होते ही उसने शोर मचाया, जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।पीड़ित ने घटना की तहरीर घुंघचाई पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही खुलासे का आश्वासन दिया है।

## पीएम आवास योजना में धांधली का आरोप, बीकेयू ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ एक ही परिवार में 4-4 आवास, 30 हजार की वसूली का दावा

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत बड़े पैमाने पर धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

बीकेयू जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र सिंह, लिपिक अर्जुन सिंह, ईओ कार्यालय के हसन मंगवार, चेयरमैन व सभासदों पर मिलीभगत कर योजना की धनराशि के बंदरबांट का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बिना स्थलीय सत्यापन के लाभार्थियों का चयन किया गया और कथित रूप से प्रति आवास 30 हजार रुपये तक की वसूली की गई। ज्ञापन के अनुसार, कई ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया जिनके पास पहले से पक्के व दो मंजिला मकान मौजूद हैं, जबकि गरीब और पात्र लोग योजना से वंचित रह गए। बीकेयू ने वार्ड संख्या 11 के राजकुमार, वार्ड संख्या 14 की फूल बी पत्नी जाहिद हुसैन, वार्ड संख्या 12 के अल्ताफ हुसैन तथा वार्ड संख्या 8 के बाबू सहित अन्य लोगों के नाम का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इन लोगों ने अपने परिवार में तीन से चार आवास स्वीकृत करा लिए हैं। यूनियन ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम गठित करने, दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा अपात्र लाभार्थियों से सरकारी धन की वसूली कराने की मांग की है।

## घुंघचाई में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का कारोबार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में दिन-रात जेसीबी मशीनों से खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी की ढुलाई की जा रही है।

खेतों और तालाबों के पास गहरे गड्ढे होने से जहाँ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं उपजाऊ जमीन भी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया तेज रफ्तार वाहनों से ईंट भट्ठों और निर्माण स्थलों पर मिट्टी सप्लाई कर रहे हैं, जिससे धूल और शोर के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं, जिससे प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। फिलहाल, खनन पर अंकुश न लगने से भविष्य में कृषि कार्य और सड़कों की स्थिति बिगड़ने की आशंका है।

# सीएनजी प्रेशर को लेकर विवाद, बैंक मैनेजर ने सेल्समैन को दिखाई पिस्टलनुमा बस्तु, गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के एक सीएनजी फिलिंग स्टेशन पर प्रेशर को लेकर हुए मामूली विवाद में निजी बैंक के मैनेजर ने सेल्समैन को पिस्टलनुमा बस्तु दिखाकर धमका दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बाद में जांच में वह बस्तु पिस्टल के आकार का लाइटर निकली। जानकारी के अनुसार ग्राम खमरिया पट्टी निवासी नंदपाल समरथ फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी सेल्समैन है। सोमवार सुबह एक अर्टिगा कार से पहुंचे व्यक्ति ने सीएनजी प्रेशर को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसने गाड़ी से पिस्टल जैसी



समरथ पेट्रोल पंप पर नोंक झोंक होती हुई। –जागरण मोर्चा

▶ सीसीटीवी में कैद हुई करतूत, शाखा प्रबंधक की गुंडागर्दी

दिखने वाली वस्तु निकालकर सेल्समैन को धमकाया और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान शिवनाथ श्रीवास्तव के रूप में की। पुलिस के अनुसार आरोपी निजी बैंक में शाखा प्रबंधक है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टलनुमा लाइटर बरामद किया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सत्यापन की राह आसानः बीएसए ने शिक्षा प्रेरकों को दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग, जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया

**पीलीभीत।** जिले में साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े शिक्षा प्रेरकों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रेरकों ने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया लंबित होने के कारण उन्हें आर्थिक व प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

साक्षरता कल्याण समिति पीलीभीत के बैनर तले पहुंचे शिक्षा प्रेरकों ने बताया कि वे लंबे समय से साक्षरता कार्यक्रम में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अब तक विभागीय सत्यापन पूरा नहीं हो सका है। सत्यापन न होने से मानदेय भुगतान समेत कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन मिलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समस्या का संज्ञान लिया गया है और सत्यापन प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, मंडल प्रभारी नरेश कुमार गंगवार, जिला महामंत्री रघुवर सिंह, लालता प्रसाद, सुरेन्द्र पाल, जगदीश प्रसाद, हरीशंकर सहित कई शिक्षा प्रेरक मौजूद रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में हुई कोडिंग प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में "बैटल{कोड} 2026" अंतरविद्यालयीय कोडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) विक्रम दहिया, डायरेक्टर देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और नवाचार के महत्व से अवगत कराया। प्रतियोगिता




ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। –जागरण मोर्चा

में कोडिंग पहेलियां, त्रुटि सुधार एवं तार्किक क्षमता से जुड़े विभिन्न राउंड आयोजित किए गए। इसमें जिले के सात विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बेन-हूर पब्लिक स्कूल ने प्रथम, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय तथा नोजगे पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मोहित तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, दीपक पाठक, आमिर अली एवं विपिन सहित विद्यालय के शिक्षकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# शेरपुर कलां में पानी की टंकी शुरू करने हेतु ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शेरपुर कलां में निर्मित पानी की टंकी अब तक चालू न होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से पूर्व कार्यवाहक प्रधान जावेद खां जो किसानों की महापंचायत में शामिल होने आए, ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में पानी की टंकी का निर्माण काफी समय पहले पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक उससे ग्रामीणों को पानी की



पूरनपुर तहसील परिसर में किसानों की महापंचायत में भाग लेते किसान।

आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इससे गांव के लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ गांववासियों को नहीं मिल पा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर पानी की टंकी को जल्द से जल्द सुचारु रूप से चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रार्थना पत्र पर पूर्व कार्यवाहक प्रधान जावेद खां के हस्ताक्षर हैं।

## घर में घुसकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में आपसी विवाद और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ग्रामीण ने पड़ोसी युवक कमलेश पर घर के बाहर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। हमले में पीड़ित के चेहरे और शरीर पर चोटें आई हैं।शोर सुनकर स्थानीय लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कमलेश के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बूंदी बुढ़ मामले में निष्पक्ष जांच की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ग्राम पंचायत बूंदी बुढ़ में शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन कर रही महिलाओं और ग्रामीणों पर कथित लाठीचार्ज के मामले में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में गांव पहुँचा और पीड़ितों से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध कर रही महिलाओं, छात्राओं और बुजुर्गों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। साथ ही महिलाओं और ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। सपा नेताओं ने कहा कि पूरा गांव शराब की दुकान का विरोध कर रहा है,



शराब की दुकान के विरोध में सपा का प्रतिनिधिमंडल लोगों से बात करते हुए।

इसलिए प्रशासन को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि यदि प्रशासन ने तय समय में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की, झूठे मुकदमे वापस नहीं लिए और शराब की दुकान का लाइसेंस निरस्त नहीं किया, तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। सपा ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और निर्दोष ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में पवन सिंह यादव, मनोज यादव, अरशद दद्दा, राजकुमार राजू, अजय भारती, संजय खान, सतीश वर्मा, मीता सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगदी और आभूषण लेकर युवती फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र के एक गांव में लापता पुत्री का सुराग मांगने गई महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, 8 मई को मजदूरी से लौटने पर उसकी बेटी घर से गायब मिली। साथ ही घर में रखे सोने के जेवरात और 60 हजार रुपये की नकदी भी चोरी हो चुकी थी।जब महिला ने अपने जेठ से पूछताछ की, तो उन्होंने बेटी को गाजीपुर के युवक रंजीत के साथ भगाने की बात कबूली। विरोध करने पर जेठ ने महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने रंजीत सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

शपथ-ग्रहण

आराध्य हेड ब्वाय व जास्मिन बनीं हेड गर्ल, कैबिनेट सदस्यों द्वारा स्कूल प्रशासन को सहयोग का वादा

# सेंट जोसेफ स्कूल में नवनिर्वाचित विद्यार्थी कैबिनेट का गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में मौजूदा सत्र के लिए विद्यार्थी कैबिनेट का गठन किया गया। आराध्य सिंह को हेड ब्वाय व जास्मिन कौर को समारोहपूर्वक हेड गर्ल चुना गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पद की शपथ दिलाई गई।

मौजूदा सत्र के लिए सोमवार को नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में कैबिनेट के नव निर्वाचित सदस्यों का समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें कक्षा 12 के आराध्य सिंह को हेड ब्वाय व इसी कक्षा की जास्मिन कौर को हेड गर्ल, सनवीर सिंह व कृतिका ग्वाल अनुशासन प्रभारी, अरमान सिंह व मनस्वी खंडेलवाल को गेम्स कैप्टन के खिताब से नवाजा गया।



पूरनपुर के सेंट जोसेफ स्कूल में कैबिनेट के नवनिर्वाचित सदस्य। –जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में चारों हाउसों के कैप्टन व वायॅस कैप्टनों का भी चुनाव करके पद व जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मैनेजर फादर ग्रेगरी, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या, प्रमति दीक्षित, एलएम नेगी, डॉ शाहीन अहमद, व प्रशांत भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर के की। खेल प्रशिक्षक एलएम नेगी के निर्देशन में कैबिनेट सदस्यों ने अपने हाउस के बच्चों के सामने परेड करते हुए सदस्यता का हलफ उठाया। कार्यक्रम में ब्लू हाउस की कैप्टन प्रियांशी सिंह को हेमा नेगी व वाइस कैप्टन काव्यांश गुप्ता को मनजिंदर सिंह ने, ग्रीन हाउस के कप्तान प्रांजल खंडेलवाल को अंजुम खान व वाइस कैप्टन ऐशलीन कौर को सिस्टर संजना, रेड हाउस के कप्तान कृष्ण वत्स को राजीव सिंह व वाइस कैप्टन मोक्ष गुप्ता को कारज सिंह, यलो हाउस के कप्तान हरमन जीत सिंह को राजवीर वर्मा व वाइस कैप्टन अमरा शाहीन को प्रमति दीक्षित ने सैशे व फ्लैग देकर जिम्मेदारी सौंपी। कक्षा 5, 6 व 7 के बच्चों ने करियोग्राफर अलीशा कुजूर के निर्देशन में एक बेहतरीन प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही सभी धार्मिक किताबों से पाठ भी किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा एलएम नेगी, भारती पांडे और कोमल गुप्ता ने तैयार की थी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद उमैर और अनुष्का मिश्रा ने किया। साथ ही दसवीं क्लास के वह बच्चे जिन्होंने 90% से ऊपर अंक अर्जित किये, को भी सम्मानित किया गया। इनमें तनमय अग्रवाल 96.8 %अनुष्का मिश्रा 96.4%, मोहम्मद उमैर 96.4%, रिफत मदार खान 95.2%, काव्यांश गुप्ता 94.6%, यश गुप्ता 93.8% व भूवि गुप्ता 93.8 प्रतिशत सहित 13 बच्चों को फादर ने सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों को भी बुलाया गया जो कार्यक्रम के गवाह बने।

## मदर्स डे सेलिब्रेशन : भावुक हुआ विद्यालय परिसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम भावनात्मक एवं सांस्कृतिक माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। छात्र-छात्राओं ने माँ की ममता, त्याग और संस्कारों पर आधारित नृत्य एवं प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्मिक नाटक रहा, जिसमें माता-पिता के त्याग और सम्मान का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मुनिता सिंह ने माँ को जीवन की प्रथम गुरु बताते हुए विद्यार्थियों को माता-पिता के सम्मान का संदेश दिया।



कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम कलीनगर। –जागरण मोर्चा

# गोमती के कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** कलीनगर उपजिलाधिकारी ने सोमवार को ग्राम पंचायत देवीपुर के ककरौआ गांव पहुंचकर आदि गंगा माँ गोमती नदी के पुनरुद्धार एवं संरक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी बारीकियों का जायजा लिया। एसडीएम ने नदी की सफाई, गाद निकासी और तटबंध सुधार कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोमती नदी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसका पुनर्जीवन पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ जल संकट दूर करने में भी सहायक होगा।

# गंगा एक्सप्रेसवे: अनियंत्रित होकर पलटी बस, एक की मौत

## शीशा तोड़कर निकाले गए यात्री, मची चीखपुकार, राजकीय मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में घायलों को कराया गया भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** मूसाझाग क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर कानपुर से लुधियाना जा रही एक बस टायर फटने से अनियंत्रित होकर रविवार रात करीब 12 बजे पलट गई। बस में सवार 107 यात्रियों में से छह यात्री घायल हो गए। एक यात्री जिला फतेहपुर के थाना हदगाऊ गांव चूल्हा-चुल्हा निवासी अनुज (24) पुत्र श्यामलाल की मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक अनुज के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया जबकि अन्य घायलों को जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घायलों को डॉक्टर द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया। चार यात्रियों को उपचार के बाद अपने गन्तव्य को रवाना किया गया। दो लोगों का उपचार चल रहा है। वही हल्की चोट आए सभी घायलों का प्रथम उपचार कराने के बाद गन्तव्य को रवाना किया गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही डीएम एसएसपी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। रात में चीख-पुकार से गंगा एक्सप्रेसवे गूंज उठा डीएम अवनीश राय ने बताया कि रविवार रात को सूचना मिली कि खागा से सवारी लेकर गुजरात जा रही स्पीपर बस का टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर मूसाझाग के पास पलट गई है। बस में करीब 107 यात्री सवार थे। हादसे के बाद उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से राहत बचाव कार्य शुरू कराया गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज भेजा गया। अनुज के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मूसाझाग समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए निर्देश डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा ने दिए हैं। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को गंगा एक्सप्रेस वे हटवाकर थाने पहुंचाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी जिसके चलते टायर फट गया और चालक नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि बस कहीं बिना मानकों के ही तो नहीं दौड़ाई जा रही थी। लगातार हो रहे स्लीपर बसों से हादसें अब परिवहन विभाग व प्रशासन को गले की फांस बन गए हैं।

### डीएम-एसएसपी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जाना घायलों का हाल, डॉक्टरों से ली जानाकरी

जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मेडिकल कॉलेज में जाकर उपचाराधीन यात्रियों से वार्ता कर हालचाल लिया गया तथा बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों से भी इलाज के लिए बात की।

### ओवरलोड थी बस, जांच में जुटे एआरटीओ

एआरटीओ हरिओम कुमार ने बताया कि बस 62 सवारियों में पास है। जबकि उसमें 107 सवारियां भरी हुईं थी। इस तरह से ओवीलोड यात्रियों को बैठाकर ले जाना खतरे से खाली नहीं है। गंगा एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग भी नहीं कर सकते हैं। जहां से यह बसें हाईवे पर आती हैं वहां चैक करने की व्यवस्था होनी चाहिए। तभी इन हादसों को रोका जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने लिया हादसे पर संज्ञान

हादसे की खबर लगते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए डीएम एसएसपी को घायलों के उपचार समेत मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। इसके बाद पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू की गई है।

पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। साथ ही स्लीपर बस की जांच की जाएगी कि बस के कागज पूरे हैं या नहीं। फिटनेस के बिना तो कहीं बस संचालित नहीं हो रही थी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। –हरिओम, एआरटीओ

## ट्यूबवेल बंद करने गए बुजुर्ग की करंट से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं के सहसवान कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव अल्लीपुर टप्पा हवेली में सोमवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया। यहाँ ट्यूबवेल बंद करते समय बिजली की चपेट में आने से 55 वर्षीय बुजुर्ग किसान राम सिंह पुत्र मुकुंदी की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, राम सिंह रविवार रात अपनी मक्का की फसल की सिंचाई करने खेत पर गए थे। सोमवार सुबह जब सिंचाई पूरी हो गई, तो वे ट्यूबवेल बंद करने के लिए स्विच की ओर बढ़े, तभी उन्हें जोरदार बिजली करंट लग गया और वे अचेत होकर गिर पड़े। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने जब उन्हें जमीन पर पड़ा देखा, तो तुरंत परिजनों को सूचित किया।हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर इंस्पेक्टर धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# पशुशाला में मिला लापता युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**उझानी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ में रविवार की शाम लापता युवक का घर के पास ही पशुशाला के बाहर शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक का भाई ने गांव के ही चार लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक जांच कराने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा है।

नरऊ निवासी 19 वर्षीय अमन पुत्र पिंटू का रविवार को गांव के कुछ युवकों से विवाद हो गया था। जिसकी पुलिस को तहरीर दी थी। मृतक के बड़े भाई अमर ने बताया कि रविवार को उनका छोटा भाई अमन घर में चल रहे निर्माण कार्य के लिए सीमेंट लेने गया था। गांव के बाहर ही गांव के ही चार युवकों ने उसे रोक कर 20 हजार रुपये छीन लिए और गाली-गलौज करते हुए धमकी भी दी। जिसकी उसके भाई ने रविवार दोपहर तहरीर कोतवाली में भी दी थी। पुलिस ने इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया। अमन उसके बाद से गायब हो गया। परिवार के लोग उसको रात भर तलाशते रहे। सोमवार की सुबह घर के पास ही पशुशाला के बाहर उल्टा पड़ा हुआ मिला। वहीं पशुशाला के अंदर खड़े एक पेड़ पर दुपट्टा मिलने से फांसी लगाकर आत्महत्या की भी पुलिस आशंका जाता रही है। घटना की सूचना पर थाना पुलिस के साथ ही सीओ उझानी सुनील कुमार व एसपी सिटी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंहे और जांच पड़ताल कर प्रभारी निरीक्षक को घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस परिवार द्वारा लगाए गए सभी आरोपो की जांच कर रही है।

### अगर पेड़ पर फंदे से लटका तो शव बाहर कैसे पहुंचा

परिजनों का आरोप है कि अगर वह खुदकशी करता तो शव पेड़ पर लटका मिलता। हत्या को अत्म हत्या दिखने के लिए पेड़ पर दुपट्टा बांधा गया है। भाई की हत्या गला दबाकर की गई है। वहीं इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार का कहना है कि प्रथम द्रष्ट्रया मामला आत्म हत्या का लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उसी के आधार पर आग की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी सिटी अभिषेक सिह ने बताया कि सोमवार की सुबह को उझानी कोतवाली को सूचना मिली थी कि युवक का शव घर के बाहर पड़ा है। जिसपर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम को भेज दिया गया है। रिपोर्ट व जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।

# लोनी से लापता किशोरी मदर्स डे पर मां को वापस मिली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** गाजियाबाद से लापता हुई किशोरी को बदायूं सिविल लाइन पुलिस ने मदर्स डे पर उसकी मां समेत परिजनों से मिलाया। परिजनों ने बताया कि 15 दिन पहले किशोरी अचानक गायब हो गई थी उसकी तलाश की जा रही थी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बेटी को पाने के बाद परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। पुलिस ने किशोरी को परिजनों के सुपर्द कर दिया।

एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब 10.30 बजे थाना सिविल लाइन पुलिस गस्त को निकली तो रहमुद्दीननगर से धमई जाने वाले रास्ते पर एक 15 वर्ष की लड़की सड़क किनारे बैठी मिली, जिसने अपना नाम समरीन पुत्र इस्लाम निवासी हनुमान मन्दिर के पास आमिर मेडीकल स्टोर के पास लोनी जनपद गाजियाबाद तथा अपनी पीठ व पैर में दर्द होना बताया। थाना पुलिस ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

रविवार की सुबह एक महिला ने पुलिस चौकी शेखूपुर पर आकर बताया गया कि बीती रात जो लडकी चोटिल अवस्था में मिली है वह मेरी बहन "कनक" है। महिला व चोटिल लड़की के बयानों में विरोधाभास होने की दशा में एसएसपी को अवगत कराते हुए प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन ने मामले विस्तृत जांच शुरू के दी।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने एसपी सिटी अभिषेक सिंह, सीओ रजनीश कुमार उपाध्याय को मामले की जांच को नियुक्त किया। आपरेशन मुस्कान" के तहत कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद की गुमशुदा किशोरी को उसकी मां से मिलाने का काम किया गया।

प्रभारी निरीक्षक महिला थाना की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन ने गहनता से पूछताछ पर लडकी (कनक) ने अपना नाम समरीन पुत्री इस्लाम, मां का नाम मैनाज निवासी हनुमान मन्दिर के आगे आमिर मेडीकल के पास थाना लोनी गाजियाबाद बताया तथा उक्त महिला ने अपना नाम- सीमा पत्नी गिरीश यादव मायका ग्राम तकीपुर थाना बिनावर तथा ससुराल ग्राम महरोली थाना बिल्सी बताया।

सीमा ने बताया कि समरीन (कनक) करीब एक माह पहले हमें आनन्द बिहार रेलवे स्टेशन पर मिली थी। समरीन ने हमें बताया कि मेरे पिता नहीं हैं,इसलिए हम इसे अपने घर ले आये थे और अपनी बेटी की तरह रख रहे थे। इसके परिवार के विषय में पूछते थे तो यह मना कर देती थी।

# सिसईयां में भव्य अंबेडकर जन्मोत्सव शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बिसौली।** बुद्ध अंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति सिसइयां द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन से ओतप्रोत सुंदर आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नशा उन्मूलन एवं सर्व शिक्षा अभियान पर आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया।

ग्राम सिसइयां में आयोजित दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ भंते विमल बोधी ने बुद्ध वंदना कर किया और कारगिल शहीद हरिओम सिंह के बेटे कुंवर शिवम प्रताप सिंह ने शोभायात्रा को पंचशील की झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा में बुद्ध अंबेडकर एवं बहुजन महापुरुषों के जीवन दर्शन से जुड़ी दर्जनों आकर्षक झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा अंबेडकर पार्क में विसर्जित हुई। रात्रि में अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित नाट्यमंचन हुआ। सेवानिवृत्ति सब इंस्पेक्टर लल्लू सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बौद्ध महाउपासक डॉ. क्रांति कुमार ने कहां की बहुजन महापुरुषों के कारवा को गति देने से ही शोषित पीड़ित समाज का उत्थान हो सकता है। बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर जयपाल सिंह ने कहा कि आज हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देनी चाहिए जिससे कि वह उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सके। जनसभा को बसपा के जिलाध्यक्ष रक्षपाल सिंह निमेष, डॉ. गुच्छन इरफान, चिरंजी लाल एडवोकेट, महिपाल सिंह टंडन, राजीव कुमार, ज्ञान सिंह पाल, ब्रह्मानंद गौतम एडवोकेट आदि रहे।

# महिला आरक्षण: सपा के खिलाफ एकजुट हुई मातृशक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करतीं महिलाएं। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के प्रति अपनी नकारात्मक मानसिकता को उजागर किया। इसी के विरोध में महिला जन-आक्रोश अभियान के अंतर्गत विपक्षी सांसद के विरुद्ध क्रमिक कार्यक्रम के दूसरे दिन बदायूं लोकसभा के सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के निकट लक्ष्मीबाई चौक, डीएम चौराहा, बिल्सी विधानसभा की महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया तथा सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई।

क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रेनू सिंह ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने का कार्य कर रही है, लेकिन विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। चैयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर ने कहा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को सम्मान और अधिकार देने वाला है। भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर केवल राजनीति करने का कार्य करता रहा है। जिला मंत्री आरती कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं। महिला आरक्षण विधेयक भी उसी दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रोकने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष अमिता उपाध्याय, जिला मंत्री रचना शंखधार, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रजनी मिश्रा, करुणा सोलंकी, जया साहू, छाया शर्मा, रेखा उपाध्याय, वंदना शर्मा, ममता वर्मा जी, पूनम शर्मा, ममता वाल्मीकि, रेनू वाल्मीकि, गुड्डी राजपूत, प्रवेश सिन्हा आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

**सोमनाथोत्सव** शहर में राजकीय महिला महा विद्यालय से बिरूआबाड़ी मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा

# हर्षोल्लास, श्रद्धा भाव व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।



पूजा अर्चना करतीं महिलाएं।

**बदायूं।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय से बिरुआबाड़ी मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा बिरुआबाड़ी मंदिर में सोमनाथ में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का तथा वाराणसी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

सोमनाथ भारत की अजय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्मसम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को गरिमामयी व श्रद्धा भाव ढंग से मनाने के उद्देश्य से जनपद के जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लाक स्तर व नगर निकायों स्तर पर विभिन्न मंदिरों (शिवालियों) में स्वच्छता अभियान, मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, रूद्राभिषेक, महाआरती आदि कार्य व कार्यक्रम किए गए। सोमनाथ गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रुद्राभिषेक किया व विधिवत पूजा अर्चना की। वाराणसी में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संकल्प महोत्सव का भव्य आयोजन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जनपद के जिला मुख्यालय स्थित बिरुआबाड़ी मंदिर, गौरी शंकर मंदिर तथा विभिन्न नगर निकायों में स्थित मंदिरों (शिवालियों), खंड विकास स्तर व तहसील स्तर पर स्थित विभिन्न शिवालयों में यह कार्यक्रम बड़ी आस्था व श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय के लिए अपर अधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को व तहसील स्तर पर संबंधित उप जिलाधिकारी तथा विकास खंड स्तर पर संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। बिरुआबाड़ी मंदिर के कार्यक्रम के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूं विनय मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।




# गोशाला में गायों की सेवा कार्यक्रम किया आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** बिसौली नगर पालिका स्थित गोशाला में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली सिटी द्वारा भव्य गौ-सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने गौवंशों को गुड़, चोकर, फल और रोटियां खिलाकर सेवा की।ग्रुप के अध्यक्ष एडवोकेट सुमित गोयल ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को इन बेजुबान जीवों के संरक्षण और सेवा के लिए आगे आना चाहिए। गौशाला परिसर पूरे समय सेवा और भक्ति भाव से सराबोर रहा। इस पुनीत कार्य में सचिव सोमवीर सिंह, डॉ. अंकुश गुप्ता, चितरंजन गुप्ता, प्रशांत गर्ग, नितिन अग्रवाल, विपुल गोयल और पूर्व अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने सक्रिय भागीदारी की।

## बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब



**बार्सिलोना।** एफसी बार्सिलोना ने 'एल क्लासिको' मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराते हुए ला लीगा के खिताब को अपने नाम किया। बार्सिलोना ने यह 29वीं बार ला लीगा की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। रियल मैड्रिड इस मुकाबले में अपने तीन अहम खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टीम के स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण यह मुकाबला नहीं खेल सके, तो फेडेरिको वाल्वरडे भी इस मैच का हिस्सा नहीं थे। वहीं, वॉर्मअप के दौरान हुई समस्या के कारण डीन हुइजसेन भी यह मैच खेलने नहीं उतरे।

बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में पहले गोल की नींव फेरान टोरेस ने रखी। उन्होंने नौवें मिनट में एंटोनियो रुडिगर से फाउल करवाया, जिसके पूरा फायदा मार्कस रैशफोर्ड ने उठाया। रैशफोर्ड की दनदनाती हुई किक को गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहे। टोरेस ने 18वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी, जब डैनी ओल्मो ने स्ट्राइकर को स्मार्ट बैकहील से शानदार पास दिया।

# आईसीसी की वार्षिक पुरुष वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1'



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने सोमवार को पुरुषों की ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत 'नंबर-1' बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। दूसरी ओर, पाकिस्तान एक पायदान नीचे खिसक गया है। ताजा रैंकिंग में भारत की रेटिंग 119 से गिरकर 118 हो गई है। वहीं, न्यूजीलैंड को दो अंक मिले हैं। यह टीम 113 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। अब शीर्ष-2 टीमों के बीच अंतर आठ से घटकर पांच ही रह गया है।

मौजूदा वनडे विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग (109) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह टीम फिलहाल तीसरे पायदान पर बनी हुई है। इस बीच टॉप-5 में बदलाव देखने को मिला है। साउथ अफ्रीका एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका को चार रेटिंग अंक मिले हैं। अब इस टीम के पास 102 अंक हैं, जबकि पाकिस्तान ने चार अंक गंवा दिए हैं। यह टीम 98 अंकों के साथ रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गया है।

दो अंक गंवाने के बावजूद श्रीलंका छठे स्थान पर बना रहा। इस टीम के 96 अंक हैं, जबकि अफगानिस्तान मामूली गिरावट के बाद 93 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बना रहा। इंग्लैंड एक रेटिंग अंक हासिल करने के बाद आठवें स्थान पर बना रहा, जबकि बांग्लादेश 84 अंकों के साथ नौवें स्थान पर कायम रहा।

बांग्लादेश और 10वें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के बीच का अंतर काफी बढ़ गया। कैरेबियाई टीम ने तीन रेटिंग अंक गंवाए हैं। अब इस टीम के पास 74 अंक हैं। टॉप-10 से बाहर, आयरलैंड दो रेटिंग अंक हासिल करने के बाद जिम्बाब्वे से ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। एक अंक की गिरावट के बाद जिम्बाब्वे खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम स्कॉटलैंड को पछाड़ते हुए 13वें स्थान पर पहुंच गई है, उसकी रेटिंग बढ़कर 46 हो गई। एक अंक गंवाने के बाद स्कॉटलैंड एक स्थान नीचे खिसक गया।

तालिका में और नीचे, नीदरलैंड ने रैंकिंग अपडेट में सबसे मजबूत बढ़त में से एक दर्ज की, चार अंक जोड़कर 44 पर पहुंच गया, जबकि ओमान 33 अंकों तक पहुंच गया। नेपाल चार अंकों की गिरावट के साथ 25वें स्थान पर खिसक गया, जबकि नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गया। वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के लगातार दबदबे के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया इस समय आईसीसी पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर है। यह देश महिलाओं की वनडे और टी20 दोनों ही टीम रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज है।

## भुवनेश्वर ने रचा इतिहास: चौथी बार एक सीजन में पूरे किए 20 विकेट



**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। भुवनेश्वर ने अपने चार ओवर के स्पेल में महज 23 रन देकर चार विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने 20 विकेट पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास में चौथी बार किसी एक सीजन में 20 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। भुवनेश्वर कुमार अब आईपीएल में सबसे ज्यादा बार एक सीजन में 20 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि इससे पहले 2014, 2016 और 2017 में हासिल की थी। इस मामले में उन्होंने लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली है, जिन्होंने भी चार-चार बार यह उपलब्धि हासिल की है। इस मामले में शीर्ष पर युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने पांच अलग-अलग आईपीएल सीजन में 20 विकेट पूरे किए हैं।

36 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार का आईपीएल करियर भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने अब तक 201 मुकाबलों में 219 विकेट हासिल किए हैं। दो बार उन्होंने एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन और क्रुणाल पांड्या की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को रायपुर में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए इस मैच में कॉर्बिन बॉश ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए जबकि गजनफर और राज बावा के नाम एक-एक विकेट रहा।

शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए भुवनेश्वर कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि उनके लिए मोटिवेशन से ज्यादा अनुशासन मायने रखता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए मोटिवेशन बहुत ओवररेटेड शब्द है। कोई वीडियो देखकर या कोट पढ़कर कुछ मिनट के लिए प्रेरणा मिल सकती है, लेकिन वह जल्दी खत्म हो जाती है। जो चीज मुझे लगातार आगे बढ़ाती है, वह अनुशासन है।' भुवनेश्वर ने अपनी फिटनेस का श्रेय अपने निजी फिजियो और ट्रेनर को भी दिया। उन्होंने कहा कि टीम के सपोर्ट स्टाफ के अलावा घर पर भी उनकी फिटनेस पर लगातार मेहनत की जाती है।

## पेट पर चोट, पैरों में क्रैम्प्स...फिर भी डटे रहे क्रुणाल पांड्या, आरसीबी की जीत के बाद पोस्ट की तस्वीर





**रायपुर।** आईपीएल में रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को यादगार जीत दिलाई। मैच के कुछ घंटों बाद क्रुणाल ने इंस्टाग्राम पर अपने पेट पर पड़े गहरे चोट के निशान की तस्वीर साझा की, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। क्रुणाल ने फोटो के साथ लिखा, 'कुछ निशान इस बात का सबूत होते हैं कि लड़ाई लड़ना वाकई मायने रखता था।'

167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 39 रन पर तीन बड़े विकेट गंवा दिए थे। विराट कोहली बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी जल्द पवेलियन लौट गए। ऐसे दबाव भरे माहौल में नंबर-पांच पर बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभाला। उन्होंने 46 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली और टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

पारी के दौरान क्रुणाल को लगातार क्रैम्प्स की समस्या होने लगी। पहले हैमस्ट्रिंग और फिर ग्लूट्स में दर्द बढ़ता गया। एक समय तो वह दर्द से मैदान पर गिर पड़े। इस दौरान मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन ने खेल भावना दिखाते हुए उन्हें उठने में मदद की। हालांकि, दर्द के बावजूद क्रुणाल ने हार नहीं मानी। 18वें ओवर में जब मुंबई ने स्पिनर अल्लाह गजनफर को गेंदबाजी पर लगाया, तब आरसीबी को 18 गेंदों में 30 रन चाहिए थे। क्रुणाल ने उसी ओवर में दो बड़े छक्के जड़ दिए। खास बात यह रही कि हर बड़े शॉट के बाद वह दर्द से जमीन पर गिरते दिखे, लेकिन फिर उठकर बल्लेबाजी जारी रखी।

## पश्चिम एशिया तनाव से भारत की जीडीपी और महंगाई दोनों पर असर



**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है।

पार्क ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, ''कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।'' उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, ''हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।''

## दिल्ली पर जीत के साथ पहला स्थान हासिल कर पाएगी पंजाब? आज धर्मशाला में होगी कड़ी टक्कर



**धर्मशाला।** आज आईपीएल 2026 का 55वां मैच धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच में पंजाब की नजरें दिल्ली पर जीत के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने पर होंगी।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच अब तक 36 मैच खेले गए हैं, जिसमें 17 मुकाबले डीसी ने अपने नाम किए, जबकि 18 मैच पीबीकेएस ने जीते। इस बीच 1 मैच बेनतीजा रहा।

दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। 11 मुकाबलों में सिर्फ 4 जीत के साथ, कैपिटल्स पूरे सीजन में अपनी निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष करती नजर आई है। भले ही डीसी अपने बाकी बचे सभी मैच जीत ले, ये टीम ज्यादा से ज्यादा 14 अंकों तक ही पहुंच सकेगी, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत कम रह जाएंगी। डीसी अपने पिछले 6 मुकाबलों में सिर्फ एक जीत ही हासिल कर पाई है, उनके हालिया खराब प्रदर्शन ने इस अहम मुकाबले से पहले टीम के आत्मविश्वास को यकीनन कमजोर किया होगा। यह टीम 11 में से 7 मैच गंवाकर 8वें पायदान पर है। पंजाब किंग्स ने जोरदार तरीके से अपने अभियान की शुरुआत की थी। इस टीम ने शुरुआती 7 में से एक भी मैच नहीं गंवाया। इस बीच एक मुकाबला बारिश के चलते बेनतीजा रहा था। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक बनकर उभरने के बाद श्रेयस अय्यर की टीम को लगातार तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ गया। जैसे-जैसे प्लेऑफ की जंग तेज हो रही है, पंजाब किंग्स अपनी हार का सिलसिला रोकने और प्लेऑफ में जगह बनाने की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बेताब होगी। पंजाब किंग्स 10 में से 6 मैच जीतकर 13 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। आईपीएल 2026 का 55वां मैच पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाना है। पीबीकेएस का मकसद इस मैच को जीतकर प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंचना होगा।

## चार साल बाद फिर डोल्डन डक का शिकार विराट, ऑरेंज कैप भी हाथ से गई



**दिल्ली।** आईपीएल के 54वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेहद रोमांचक मैच में मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला आखिरी गेंद तक चला और क्रिकेट फैंस को भरपूर रोमांच देखने को मिला। हालांकि इस जीत के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए यह मैच बेहद निराशाजनक रहा।

सबसे हैरानी की बात यह रही कि यह लगातार दूसरा मैच था, जब विराट बिना खाता खोले आउट हुए। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में भी वह शून्य पर आउट हो गए थे। उस मैच में तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने उन्हें बोल्ड किया था। लगातार दो मैचों में जीरो पर आउट होना विराट जैसे बड़े बल्लेबाज के लिए बेहद दुर्लभ माना जाता है। इस खराब प्रदर्शन के साथ विराट कोहली ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। चार साल बाद ऐसा हुआ है जब वह लगातार दो आईपीएल मैचों में बिना रन बनाए आउट हुए हैं। इससे पहले साल 2022 में वह लगातार दो मुकाबलों में शून्य पर आउट हुए थे। उस समय लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चला था। विराट कोहली के लिए यह रिकॉर्ड इसलिए भी ज्यादा चौंकाने वाला है क्योंकि साल 2018 से 2025 तक उन्होंने रन चेज के दौरान एक बार भी जीरो पर विकेट नहीं गंवाया था लेकिन इस सीजन में लगातार दो रन चेज में उनका खाता तक नहीं खुल पाया।







## ईरान-अमेरिका तनाव से बाजार में हड़कंप सेंसेक्स 845 अंक टूटा; रुपया भी लुढ़का



**मुंबई।** पश्चिम एशिया युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता न हो पाने के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई।

एक विशेषज्ञ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवीनतम अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ''पूरी तरह से अस्वीकार्य'' करार देते हुए उसे खारिज कर दिया है। इससे तत्काल राजनयिक सफलता की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 845.68 अंक टूटकर 76,482.51 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 237.90 अंक फिसलकर 23,936.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटर्नल, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। केवल एनटीपीसी और एचसीएल टेक के शेयर में तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तथा चीन का एसएसई कम्पोजिट बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो०- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।